दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 216 जयपुर, सोमवार, 15 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### जयपुर सहित 24 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट



**जयपुर।** प्रदेश में मानसून को लेकर हर दिन अलग अलग अपडेट आ रहे हैं। अब रविवार को मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर प्रदेश के 24 जिलों में आंधी और बारिश की संभावना जताई है। इधर, रविवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर रहा। जयपुर में भी दोपहर बाद बारिश हुई, जिससे शाम को मौसम खुशनुमा हो गया। जोधपुर, टोंक, कोटा, अलवर, सीकर व नागौर में भी बारिश हुई। रविवार सुबह टोंक में करीब एक घंटे तेज बारिश हुई।

### आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की बैठक आयोजित



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक यहां सरला बिरला विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संघ के विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा और समीक्षा की गई। प्रेस ब्रीफिंग में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि संघ के दृष्टिकोण से पूरे देश भर में 46 प्रांत हैं। देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है, और जुड़ भी रही है। संघ ने वर्ष 2012 में जॉइन आरएसएस (वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन) के तहत एक ऑनलाइन माध्यम प्रारंभ किया था।

-पेज 8 भी देखें

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर रविवार को सेना ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम कर दी। सेना ने इस दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया। इनके पास से हथियार और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। सेना के अनुसार, घुसपैठ रोधी अभियान फिलहाल जारी है। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर एलओसी पर घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकियों के मारे जाने की जानकारी दी।

## अमेरिका में ट्रंप पर फायरिंग, FBI बोली- मारने की साजिश... हमलावर को सीक्रेट सर्विस ने किया ढेर

# पूर्व राष्ट्रपति के कान पर गोली लगी... घायल, खतरे से बाहर

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर फायरिंग हुई है। उनके दाएं कान पर गोली लगी है, लेकिन वो सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे की है। तब अमेरिका में शनिवार के शाम करीब 6.30 बज रहे थे। ट्रंप अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में चुनावी रैली कर रहे थे।

ट्रंप मंच पर आए उन्होंने बोलना शुरू किया- 'टेक अ लुक एट वॉट हैपंड'और फायरिंग की आवाज आनी शुरू हुई। चीख-पुकार मचती है, ट्रंप चौंकते हुए दायां हाथ कान पर रखते हैं और झुक जाते हैं।

इस बीच सुरक्षा गार्ड घेरा बना लेते हैं। ट्रंप खड़े होते हैं, कान और खून से सने चेहरे के साथ दाईं मुट्ठी भींचते हुए कुछ कहने की कोशिश करते हैं। फिर गार्ड उन्हें घेरे में लेते हुए कार में लेकर निकल जाते हैं।

### ट्रंप ने मुट्ठी भींचकर हवा में लहराई... चेहरे पर दिखा खून




गोली लगने पर सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने खड़े होने में मदद की। ट्रंप ने मुट्ठी भींचकर हवा में लहराई। चेहरे पर खून दिखा। एजेंट्स उन्हें स्टेज से नीचे ले गए तब उनका कान खून से सना था।

### गन लॉबी का सपोर्ट करते हैं ट्रंप

ट्रंप पर AR-15 एसॉल्ट राइफल से हमला हुआ है। अमेरिका में 18 साल के बाद कोई भी शख्स गन और राफइल खरीद सकता है। इस साल फरवरी में डोनाल्ड ट्रंप ने गन लॉबी को सपोर्ट किया था। एक रैली के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर वो राष्ट्रपति बनते हैं तो गन पर लगाए गए बाइडेन प्रशासन के बैन को हटा देंगे।

### एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर घायल

गोलीबारी में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हुई है। 2 गंभीर रूप से घायल हुए। पेंसिल्वेनिया पुलिस ने बताया कि ट्रंप पर करीब 400 फीट दूर मौजूद इमारत की छत से फायरिंग की गई। AR-15 राइफल से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं। पहले राउंड में 3 और दूसरे राउंड में 5 गोलियां चलीं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध शूटर मारा गया है। उसकी उम्र 20 साल थी। अब तक हमले के मकसद की जानकारी नहीं है।






### ट्रंप की ही पार्टी से है हमलावर- FBI

अमेरिका की जांच एजेंसी FBI ने बताया है कि हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स के वोटर आई कार्ड से पता चला है कि वो ट्रंप की ही रिपब्लिकन पार्टी से था। हालांकि उसने बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े एक ग्रुप को 15 डॉलर यानी 1250 रुपए का चंदा भी दिया था।

-पेज 10 भी देखें



*सीक्रेट सविर्स ने हमलावर* मैथ्यू क्रूक्स को तत्काल मार गिराया, ऊपर हमलावर जिंदा, नीचे बॉडी

## मुख्यमंत्री शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राव राजपूत महासभा का शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह...

# राष्ट्र की उन्नति के लिए जरूरी है राष्ट्रवाद की भावना: सीएम

■ सरकार विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए कृत संकल्पित

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि होनहार प्रतिभाएं अपने परिवार के साथ ही समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इनके सम्मान से अन्य लोगों को भी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शर्मा रविवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में अखिल भारतीय राव राजपूत महासभा द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास, महिला उत्थान के साथ विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए कृत संकल्पित है। इसी दिशा में राज्य के परिवर्तित बजट 2024-25 में पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने एवं निजी क्षेत्रों में स्किल अपग्रेडेशन के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की गई है।

उन्होंने कहा कि खेलों में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी तथा संभाग स्तर पर खेल महाविद्यालय खोले जाएंगे, जहां खेल प्रतिभाओं को तराशकर आगे बढ़ाया जाएगा।






### 2014 के बाद देश में आया अभूतपूर्व बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में आया अभूतपूर्व बदलाव हम सभी ने देखा है। गरीब कल्याण, देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने सहित सभी क्षेत्रों में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही देश में लिंगानुपात को सुधारने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की तथा स्वच्छ और सुंदर राष्ट्र की परिकल्पना के साथ स्वच्छ भारत अभियान चलाया। अब प्रधानमंत्री ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है, जिसे हम सबको आगे बढ़ाना है।

### राव राजपूत समाज ने हमेशा निभाया राष्ट्रधर्म

सीएम शर्मा ने कहा कि राव राजपूत समाज को उनके गौरवशाली इतिहास, अमूल्य विरासत, और भारतीय समाज में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। संख्या में कम होने के बावजूद इस समाज के लोगों ने हमेशा राष्ट्रधर्म निभाया है और अपनी राष्ट्रवाद की भावना से अन्य समाज के लोगों को भी प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि समाज की माताओं-बहनों ने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा देकर मेहनती और प्रतिभाशाली बनाया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी राष्ट्र भावना और सांस्कृतिक विरासत पर गर्व अनुभव करें और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### हम सब निभाएं जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता है। इस ध्येय को पूरा करने में नागरिकों का भी सहयोग आवश्यक है। हम सबको जिम्मेदारी निभाते हुए वंचित वर्ग को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। 'सबका साथ-सबका विकास' की सोच के साथ ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के प्रयास लाए रंग...

# द. अफ्रीका में बंधक बनाए गए 9 युवक लौटे वतन

■ मामले को लेकर देवनानी ने दी थी विदेश मंत्रालय को सूचना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से विदेश में फंसे भारतीयों को सकुशल स्वदेश लाया गया है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के जांबिया में निजी कंपनी में जॉब के लिए गए 9 युवकों को कंपनी संचालकों ने बंधक बना लिया था। इसमें अजमेर के दो युवक अजयनगर निवासी अनीष रामचंदानी और रामगंज कंजर बस्ती निवासी यश जसवानी भी शामिल थे।

देवनानी ने विदेश मंत्रालय से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई को अंजाम दिलाया। सभी पीड़ित शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस पहुंच गए। गौरतलब है कि इन युवकों ने सोशल मीडिया पर विडियो अपलोड कर सरकार से मदद की गुहार की थी।

पीड़ितों ने रोते-बिलखते हुए कहा था कि कंपनी संचालक विजय आसवानी ने उनके साथ धोखा किया, यहां उनसे रात-दिन काम कराया जा रहा है, मारपीट की जा रही है। खाने-पीने के लिए मोहताज हो गए हैं। उनके वीजा-पासपोर्ट भी छीन लिए गए हैं। युवकों ने वीडियो पर हाथ जोड़ते हुए मदद की गुहार लगाई थी।



### देवनानी को कराया अवगत

पीड़ितों के परिजन सिंधी समाज के प्रतिनिधियों के साथ वासुदेव देवनानी से मिले और मदद मांगी। देवनानी ने मामले को गंभीर मानते हुए विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय में बात की थी। इस पर भारत सरकार के काउंसलर ने अफ्रीका के ऐंबैसी जाकर सभी युवाओं को सुरक्षित भारत वापस भेजा। जिसमें राजस्थान के 4 युवाओं में से अजमेर के 2 और उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 5 युवक थे। सभी 12 जुलाई सकुशल अपने घर पहुंच गए। इसके बाद सिंधी युवा संगठन और राष्ट्रीय जन सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने देवनानी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अच्छे वेतन का लालच देकर भेजा था

पीड़ित युवकों ने बताया कि वेस्ट अफ्रीका के जांबिया में विजय आसवानी ने निजी फर्म में अच्छे वेतन का लालच देकर जॉब के लिए भेजा था। जहां अजमेर के अनीष रामचंदानी, यश जसवानी, सागर, यश, राज, विवेक, मनीष, जय और भरत को बंधक बना लिया गया। उनके साथ मारपीट की गई और भूखा-प्यासा रखा गया। किसी तरह वे मानवाधिकार संस्था के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्हें संरक्षण दिया गया। युवकों को वापस स्वदेश लाने के लिए इनके अभिभावकों ने सिंधी युवा संगठन से मदद मांगी थी।

## सरकार जल्द लाएगी कानून

# 3+ बच्चे हुए तो सुविधाओं से वंचित



बेधड़क | जयपुर /पाली

प्रदेश की भजनलाल सरकार में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को पाली में कहा कि प्रदेश में 3 से ज्यादा बच्चे होने पर संबंधित व्यक्ति को सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। सरकार शीघ्र ही इसको लेकर कानून लाएगी। खर्रा ने कहा है कि जिन लोगों के दो-तीन से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## खुला खजाना

# 46 साल बाद खोला गया भगवान जगन्नाथ के मंदिर का रत्न भंडार

- कीमती सामानों व आभूषणों को किया 6 संदूकों में सील
- हाई कोर्ट के पूर्व जज की अगुवाई में 11 एक्सपर्ट्स करेंगे गिनती
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के विशेषज्ञों की टीम करेगी सर्वे

एजेंसी। ओडिशा

करीब 46 साल बाद पुरी के विख्यात जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार रविवार को खोले गए। अब सरकार रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों, आभूषणों की डिजिटल लिस्टिंग करेगी, जिसमें उनके वजन और निर्माण जैसे डिटेल्स होंगे। ओडिशा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ की अगुवाई में 11 एक्सपर्ट की टीम रत्नों की गिनती करेगी। उसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक्सपर्ट रत्न भंडार का सर्वे करेंगे। भंडार से सारा खजाना बाहर निकाला जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जब रत्न भंडार फिर से खोला गया तब कुल 11 लोग मौजूद थे। इनमें श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई अधीक्षक डीबी गडनायक और पुरी के राजा गजपति महाराजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

मंदिर के चार सेवक भी इसमें शामिल थे। पाधी ने बताया कि खजाना फिर से खोल दिया गया है, लेकिन कीमती सामानों की सूची तुरंत नहीं बनाई जाएगी।



खजाने के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषणों और अन्य कीमती सामानों को लकड़ी के संदूकों में एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जाएगा।

अस्थाई स्ट्रॉन्ग रूम की पहचान कर ली गई है और सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

### सागवान की लकड़ी से बनी पीतल कोटिंग वाली 6 संदूकें मंगवाई

रत्न-आभूषणों को ले जाने के लिए सागवान की लकड़ी से बनी संदूक मंगाई गई। इसकी लंबाई 4.5 फीट, ऊंचाई 2.5 फीट और चौड़ाई 2.5 फीट है। इसके अंदर पीतल की कोटिंग की गई है, ताकि रत्न खराब न हों। संदूक बनाने वाले एक कर्मचारी ने कहा, हमें मंदिर प्राधिकरण ने 12 जुलाई तक 15 पेटियां बनाने को कहा था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 6 पेटियां कर दी गई।

### डिजिटल कैटलॉग तैयार करने का फैसला

जानकारी के अनुसार रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों का एक डिजिटल कैटलॉग तैयार करने का फैसला लिया गया है। इसमें उसका वजन और बनावट जैसे विवरण होंगे। अब आगामी दिनों में आंतरिक कक्ष के खुलने के बाद, जिसकी मूल चाबी गायब थी, उसे सील कर दिया जाएगा और नई चाबी कलेक्टर की देखरेख में जिला कोषागार में रखी जाएगी।

## जरूरी खबर

### हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी सरकार बनेगी



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी के हरियाणा प्रभारी डा. सतीश पूनियां ने कहा हैं कि हरियाणा में सारी स्थितियां भाजपा के हक में है तथा इस बार किसी अन्य दल के साथ कोई गठबंधन नहीं किया जायेगा और तीसरी बार मजबूती से हम सरकार बनायेंगे वहीं राजस्थान में भी पांचों विधानसभा उपचुनाव पार्टी जितेगी। डॉ. पूनियां रविवार को एक एजेंसी से बातचीत में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार भाजपा की स्थिति काफी मजबूत नजर आ रही है।

### पर्यावरण सुरक्षा को गंभीरता से लेने की जरूरत: दक

**जयपुर।** कोटा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राज्य में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की कड़ी में शनिवार को कोटा सर्किट हाउस गार्डन में कोटा के प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर दक ने कहा की पर्यावरण सुरक्षा के विषय को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बहुत गंभीरता से लिया है और पर्यावरण सुरक्षा के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया। हम सभी को अपनी आगामी पीढ़ियों की जीवन रक्षा के विषय को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। सभी आमजन को एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाना चाहिए।

### मंदिर विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**जयपुर।** शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर, वार्ड न. 33, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर में मुख्य अतिथि सिविल लाइन्स विधानसभा विधायक गोपाल शर्मा के कर कमलों द्वारा विधायक कोटे से 20 लाख मंदिर के सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए एवं 25 लाख रुपए सुभाष कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि महापौर मुनेश गुर्जर, नगर निगम हेरिटेज, भाजपा नेता आलोक पारीक भी उपस्थित रहे। आलोक पारीक ने बताया कि विधायक कोटे से मंदिर के निर्माण का कार्य करवाया था, और अभी हाल ही में मंदिर मैं मंदिर के गर्भ गृह के मुख्य द्वार का जीर्णोद्वार भामाशाओं के आर्थिक सहयोग से पूर्ण करवाया।

**बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में** जिला कलेक्ट्रेट में बैठक में मंत्री ने कहा...

# पूर्व सरकार की वजह से बिगड़े जयपुर के हाल: जोगाराम पटेल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की भजनलाल सरकार 5 साल में चार लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करेगी। इसको लेकर हमने ग्रास रूट पर काम करना शुरू कर दिया है। यह दावा जयपुर के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने किया है। जो रविवार को जयपुर कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान में बीजेपी सरकार के गठन के बाद अब तक हमने 22 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दे भी दिए हैं। हमारी सरकार हर साल का कैलेंडर तैयार करेगी। इसमें यह तय होगा कि हर महीने कितने लोग किस विभाग से रिटायर्ड होंगे। यह सारा डाटा ऑन रिकॉर्ड है, क्योंकि जिस दिन किसी व्यक्ति की सरकारी नौकरी लगती है। उसे दिन ही उसे पता होता है, उसका रिटायरमेंट किस दिन और कौन से महीने में होगा। ऐसे में हमारी सरकार सभी विभागों का कैलेंडर बनाएगी। इस आधार पर हर महीने नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने सभी पहलुओं का रिव्यू करने के बाद ही चार लाख पदों पर सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। हमने सबसे पहले सरकारी विभागों में रिक्त चल रहे पदों के साथ रिटायरमेंट को लेकर अध्ययन किया था। उसके बाद ही बजट में 5 साल में चार लाख लोगों को नौकरी देंगे।



### जयपुर में तीन नए एलिवेटेड रोड बनेंगे

जोगाराम पटेल ने कहा कि आज राजधानी होने के बावजूद जयपुर में ड्रेनेज सिस्टम काफी बदहाल हो चुका है। ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हल्की बारिश होने के बावजूद शहर की सड़कों पर पानी भर जाता है। जिसके लिए पूर्व सरकार जिम्मेदार है। लेकिन हमारी सरकार ने जयपुर को दुनिया की टॉप सिटी बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए हम जयपुर में तीन नए एलिवेटेड रोड का निर्माण करेंगे। नए ROB बनाएंगे, सफाई व्यवस्था में सुधार करेंगे। इसी मुद्दे को लेकर आज मैं जयपुर के अधिकारियों को निर्देश भी दिया है। जल्द ही अगली बैठक में जयपुर में किन पहलुओं पर सुधार हो चुका है, और किन पर सुधार की और गुंजाइश है। इस पर भी मंथन किया जाएगा।

### 6 महीने में कर दी कायापलट

पटेल ने कहा कि राजस्थान में भजनलाल सरकार के गठन को भले ही छह महीने का वक्त बीत गया हो, लेकिन आचार संहिता की वजह से हमें सिर्फ दो महीने ही काम करने का मौका मिला है।

### चाकसू विधायक बैरवा ने पौधारोपण की पट्टिका नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

जयपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दौरान चाकसू से भाजपा विधायक राम अवतार बैरवा नाराज हो गए। पौधारोपण के दौरान विधायक राम अवतार बैरवा के नाम की पट्टिका पौधे के पास नहीं लगी थी। उन्होंने कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि क्या आप चाकसू को जयपुर का हिस्सा नहीं मानते हैं। दरअसल, पौधारोपण के समय पौधों के नजदीक जयपुर जिले के विधायक और सांसदों का नाम लिखा हुआ था। इसमें चाकसू विधायक राम अवतार बैरवा का नाम नहीं था। इसे देखकर वह नाराज हो गए। उन्होंने जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के सामने नाराजगी जाहिर की। कहा- मेरे नाम से आज यहां पौधारोपण क्यों नहीं किया जा रहा है? कलेक्टर ने बैरवा से कहा- यहां आपके नाम का भी पौधा लगाया जाएगा। इस पर बैरवा ने कहा कि मैं पूरा परिसर घूम चुका हूं, कहीं पर भी मेरे नाम की पट्टिका के साथ पौधा नहीं लगाया गया है। शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने नाराज बैरवा को मनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा- आप मेरी पट्टी पर अपना नाम लिख लीजिए।

**विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने** दौरा कर लिया जायजा

# अजमेर शहर में 270 करोड़ से बनेंगे पानी के स्टोरेज टैंक

**बेधड़क** | जयपुर

पेजयल क्रांति का साक्षी बनने जा रहा है। राज्य सरकार की सबसे महत्वपूर्ण ईआरसीपी योजना से अजमेर को जोड़ा जायेगा। चम्बल नदी का पानी बीसलपुर होते हुए मुहामी के मोर तालाब तक लाया जाएगा। यहां 2 साल तक का पानी जमा होगा। 270 करोड रुपए की पेयजल योजना के तहत अजमेर में कोटड़ा, वैशाली नगर और लोहागल में 80 एमएलडी क्षमता के 3 स्टोरेज टैंक बनेंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने रविवार को सर्वप्रथम मुहामी गांव में स्थित मोर सागर का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि ईआरसीपी योजना के तहत चम्बल नदी का पानी बीसलपुर तक लाया जाएगा। वहां से यह पानी मुहामीं गांव में स्थित मोर सागर तालाब तक लाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोर सागर तालाब में 2 साल का पानी जमा करने की क्षमता विकसित की जाए। इसके लिए अगर भूमि का अधिग्रहण किया जाना हो तो उसके प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। अधिकारी प्रोएक्टिव होकर प्रस्ताव तैयार करें। इन प्रस्तावों को जल संसाधन मंत्री एवं उच्च अधिकारियों के जरिए सरकार तक पहुंचाया जाए।



### ERCP से 13 जिलों को पेयजल और सिंचाई जल मिल सकेगा

अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में राजस्थान के 13 जिलों को पेयजल व सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह योजना राजस्थान सरकार व मध्यप्रदेश सरकार के अन्तर्गत अन्तर्राज्यीय संधि होने से चम्बल नदी बेसिन, कालीसिन्ध नदी सबबेसिन व पार्वती नदी सबबेसिन के अधिशेष जल को तीन बैराज हनोटिया बैराज, रामगढ बैराज एवं महालपुर बैराज बनाकर पानी को डाईवर्ट किया जाएगां। जिससे इस अतिरिक्त पानी से नवनेरा बैराज कोटा होते हुए बीसलपुर डैम व ईसरदा डैम को भरते हुए टोंक जिले के लाम्बाहरिसिंह होते हुए अजमेर के मोर सागर मुहामी तक लाया जाएगा। बांध की क्षमता बढाकर अजमेर की पेयजल आवश्यकता की भविष्य में इससे पूर्ति किया जाना संभव होगा एवं उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार अजमेर के अन्य जलाशयों में जल उपलब्ध करवाना संभव होगा। वर्तमान में इस तालाब के जीर्णोद्वार व मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। बांध का सुदृढ़ीकरण वेस्टवीयर की मरम्मत व फेसवाल का कार्य भी करवाया जा रहा है। इससे तालाब की मजबूती व स्थिरता बढ़ाई जा सकेगी।

### पेयजल परियोजना, अजमेर में बनेंगे तीन बड़े टैंक

देवनानी ने बताया कि राज्य सरकार ने 270 करोड़ रूपए की वृहद पेयजल परियोजना स्वीकृत की है। इस योजना के तहत अजमेर में नसीराबाद से नौसर तक पाईप लाईन डाली जाएगी। यानि अब नौसर तक का क्षेत्र अन्तिम छोर नहीं बल्कि आरम्भ क्षेत्र होगा। यहां बनने वाले सर्विस रिजर्वायर से शहर में जलापूर्ति होगी। पूरे शहर में पूरे प्रेशर से और पर्याप्त जलापूत्ति होगी। इसी तरह वैशाली नगर और लोहागल में भी बड़ी पानी की टंकियां बनेगी। इन इलाकों में भी पूरे प्रेशर से पानी आएगा। श्री देवनानी ने कोटड़ा सर्विस रिजर्वायर का स्थान देखा और आवश्यक निर्देश दिए। देवनानी ने जिला कलक्टर के साथ माकड़वाली ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयुर्वेद विश्वविद्यालय का चिंहित स्थान भी देखा। यहां 80 बीघा जमीन विश्वविद्यालय के लिए चिंहित की गई है। यहां आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय बनेगा। शीघ्र इसका नोटिफिकेशन जारी होगा।

**प्रदूषण बोर्ड का नवाचार**

# प्लास्टिकमुक्त राज्य की ओर राजस्थान, कपड़े के थैले दिए जा रहे



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान को प्रदूषण एवं प्लास्टिकमुक्त करने की दिशा में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए मंडल के अधिकारी घर-घर जाकर कपडे के थैले वितरित करने के साथ प्लास्टिक कैरी बैग्स एवं प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ भी दिला रहे हैं।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल के अधिकारियों द्वारा राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की दिशा में कई प्रकार के नवाचार एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया था। जिसके तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग्स की जगह कपड़े के थैले व्यापक स्तर पर वितरित करने का कार्य भी किया गया था। तब ही से मंडल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर कपड़े के थैले वितरित कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि समाज का प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभा सके। इस के साथ ही आमजन के सहयोग से पौधारोपण का कार्य भी किया जा रहा है ताकि प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त के साथ हरित राज्य की संकल्पना को साकार करने की ओर हम अग्रसर हो।

इस मुहिम के दौरान मंडल की वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता शशि चौधरी ने इंदिरा नगर, हिम्मत नगर एवं टोंक रोड सहित विभिन्न स्थानों पर घर-घर जाकर कपड़े के थैलों का वितरण किया, साथ ही स्थानीय पार्कों एवं अन्य स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से पौधारोपण का कार्य भी किया। इस दौरान शशि ने आमजन को प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग नहीं करने को लेकर शपथ दिलवाई तथा कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**चौमूं सर्किल बस स्टैंड पर** सीवर लाइन कार्य

# 45 लाख रुपए खर्च कर जेडीए डाल रहा क्षतिग्रस्त सीवर लाइन

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने 45 लाख रुपए खर्च कर सीकर रोड पर स्थित चौमूं सर्किल बस स्टैंड पर नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सीवर लाइन के स्थान पर नई लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। जेडीसी मंजू राजपाल ने बताया कि चौमूं सर्किल स्टैंड, सीकर रोड पर मिलिट्री कैंपस में 600 एमएम की सीवर लाइन जाम होने के कारण टूट गई। इसके चलते



झोटवाड़ा आरओबी के दोनों तरफ सीवर का पानी भर गया था। यह सीवर लाइन नगर निगम ग्रेटर जयपुर के क्षेत्राधिकार में आती है। इसके माध्यम से विद्याधर नगर, अंबाबाड़ी एवं सीकर रोड के आसपास क्षेत्र में बसी कॉलोनियों का सीवरेज पानी देहलावास एस टी पी में जाता है। नगर निगम द्वारा उक्त सीवर लाइन की रिपेयरिंग का कार्य करने में असमर्थता जताकर जेडीए से सीवर लाइन मरम्मत करने के लिए निवेदन किया गया। इसके बाद जेडीसी के निर्देशों पर जेडीए अभियंताओं द्वारा साइट का मुआयना कर कमांडर, मिलिट्री स्टेशन से 11 जुलाई को आर्मी कैंपस में कार्य करने की अनुमति मांगी गई थी।

**खींवसर उपचुनाव में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी बीजेपी**

# जनसंख्या नियंत्रण पर सरकार बना रही पॉलिसी

**बेधड़क** | जयपुर

जिले की प्रभारी एवं महिला बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार ने रविवार को बजट क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों संग बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि खींवसर उपचुनाव में भाजपा अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी और विजयी होगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर राजस्थान सरकार नई पॉलिसी बना रही है। भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट सभागार में बजट के क्रियान्वयन



को लेकर बैठक के बाद बाघमार ने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान की पौधा लगाकर शुरुआत की। वहीं नागौर में लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार और आगामी दिनों खींवसर विधानसभा उपचुनाव के सवाल पर बाघमार ने कहा कि यहां भाजपा अकेले दम पर लड़ेगी और जीतेगी। चुनाव में कुछ स्थानीय मुद्दे होते हैं और भी कारण रहे हैं। जिसके कारण हमें लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता निराश नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में हमारा वोट बैंक बढ़ा है। जनता ने भाजपा को नकारा नहीं है। इस बार खींवसर उपचुनाव में कमियों को सुधारने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

वहीं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 2 बच्चे से ज्यादा के बयान के सवाल पर मंजू बाघमार ने बचाव करते हुए कहा कि अभी तक तो जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कोई डायरेक्शन नहीं हैं। लेकिन जनसंख्या को लेकर हम सभी लोग चिंतित हैं।

**धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण का लाभ नहीं मिले... इसके लिए डीलिस्टिंग करेंगे: खराड़ी**

# आदिवासियों को गुमराह कर कराया जा रहा धर्मांतरण

**बेधड़क** | जयपुर

जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा के नाम पर गरीब आदिवासियों को गुमराह करके धर्मांतरण करवाया जा रहा है।

धर्म परिवर्तन करने के बाद वह व्यक्ति आदिवासी नहीं रहता है, ऐसे में वह एसटी के आरक्षण समेत दूसरे फायदे का भी हकदार नहीं है। इसके लिए डीलिस्टिंग के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा- धर्मांतरण एक बहुत बड़ा चिंता का विषय है, लेकिन यह क्यों होता है यह भी सोचना होगा। मंत्री बाबूलाल खराड़ी रविवार को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में बजट घोषणाओं के तुरंत क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए खराड़ी ने कहा कि धर्मांतरण एक बहुत बड़ा चिंता का विषय है, लेकिन यह क्यों होता है यह भी सोचना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा के नाम पर गरीब आदिवासियों को गुमराह करके धर्मांतरण करवाया जा रहा है। धर्म परिवर्तन के बाद वह व्यक्ति आदिवासी नहीं रहता है।




### ऐसी हरकतों से लोग बच्चे पैदा करते रहेंगे

कैबिनेट मंत्री ने आदिवासी क्षेत्र में बच्चों को बेचने की घटना को लेकर कहा- यह सब पूर्ववर्ती सरकार के समय की घटना है। इसे लेकर मैंने ही विधानसभा में सवाल उठाया था। बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाली गैंग सक्रिय है, जो माता-पिता को बरगला कर बच्चों को ले जाते हैं। अब भाजपा सरकार ऐसा नहीं होने देगी। बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सभी पात्र लोगों को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की बजट घोषणाओं की जानकारी दी। इसमें सागवाड़ा में 220 केवी जीएसएस, पादरडी बड़ी में 33 केवी जीएसएस, बरबोदनिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सोमकमला आम्बा बांध से सागवाड़ा तक फीडर कैनाल निर्माण सहित अन्य घोषणाओं के क्रियान्वयन के रोडमैप के बारे में बताया। प्रभारी मंत्री ने तय समय में घोषणाओं के अनुरूप जमीन फाइनल करके जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनता का भला करना ही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों से बिना किसी राजनीतिक दबाव के पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

# बाबा साहब के विचार सिखाते हैं समानता

**बेधड़क** | जयपुर

भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को केवल दलितों को समानता दिलाने एवं संविधान निर्माता के रूप में ही नहीं जाना जाता। उन्हें एक अच्छे अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ, सामाजिक सुधारक, शिक्षाविद, कानून विद के साथ-साथ सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में भी जाना जाता है।

यह विचार रविवार को मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल उदयपुर में बाबा साहब जन चेतना मिशन द्वारा डॉक्टर अंबेडकर के विचारों पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने व्यक्त किए।

इस अवसर पर कृष्ण शह विद्यार्थी महाराज, संस्थापक, वाल्मीकि मंदिर नई दिल्ली, विनोद कुमार, प्रदेश संयोजक अंबेडकर मिशन, डॉक्टर टीसी डामोर सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक, डॉक्टर नम्रता यादव असिस्टेंट प्रोफेसर मीरा गर्ल्स कॉलेज, राम प्रताप महाराज उदयपुर सहित प्रदेश के सभी हिस्सों से पधारे बाबा साहब जन चेतना मिशन से जुड़े पदाधिकारियो ने भाग लिया।

## जरूरी खबर

### गुरु पूर्णिमा के लिए संगत कर रही तैयारी



**जयपुर।** शाकाहार, सदाचार, नशामुक्ति, शराब बन्दी, युवा चरित्र निर्माण के साथ देशभक्ति की शिक्षा देने वाले संत सतगुरु बाबा उमाकान्त महाराज उज्जैन वाले के सानिध्य में तीन दिवसीय आध्यात्मिक गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 19, 20 और 21 जुलाई को बाबा उमाकान्त महाराज आश्रम के पास अजमेर रोड ठिकरिया जयपुर में किया जाएगा। इस धर्म समागम में शामिल होने के लिए ना केवल भारत के प्रत्येक प्रान्त से बल्कि विदेशों जैसे अमेरिका, दुबई एवं अन्य देशों से भी हजारों की संख्या में भक्तों का आगमन होने जा रहा है। इसके लिए बाबा जयगुरुदेव संगत राजस्थान और जयपुर संगत द्वारा विशाल पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

### इमाम हुसैन की याद में निकला अलम का जुलूस

**जयपुर।** ताजिये 17 जुलाई को सुपुर्द ए खाक किए जाएंगे। इससे पहले इमाम हुसैन की याद में रविवार को अलम का जुलूस निकला। इस दौरान ताजियों का एक हिस्सा निकाल कर अजादार मेंहदी पेश की। इस दौरान अखाड़ों करतब के साथ साथ मातमी धुनों से अलम का जुलूस भी निकला। अखाड़ों के उस्तादों द्वारा तलवारबाजी, पट्टेबाजी का प्रदर्शन किया। अलग अलग इलाकों से आकर घाटगेट बाजार में जुलूस के रूप में अलम शामिल हुए। इस दौरान रास्तों में शरबत की छबील भी लगाई गई। घरों में दाल-बाटी सहित अन्य पकवानों पर नजर पेश की गई। मुस्लिम मोहल्लों में मातमी धूनों के साथ अलम का जुलूस पहुंचा। अकीदतमंदों की ओर से अलम पर मन्नतों का धागा बांधा गया। बता दे कि 17 जुलाई, 10 मुहर्रम हिजरी को ताजिये सुपुर्द ए खाक किए जाएंगे।

## जलदाय विभाग ने एक होटल समेत 7 जगह की कार्रवाई, 5 लाख का जुर्माना वसूला

# पीने के पानी से भर रहे थे स्विमिंग-पूल, कनेक्शन काटा

**बेधड़क** | जयपुर

पीने के पानी का इस्तेमाल स्विमिंग पूल भरने और कॉमर्शियल एक्टिविटीज में काम में लेने के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के आदेश पर अमल करना शुरू कर दिया है। इसके तहत जलदाय विभाग ने रविवार को बड़ा एक्शन लेते हुए खो नागोरियान इलाके में पीने के पानी के 7 कनेक्शन काटकर 5 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया। दरअसल, जलदाय विभाग की टीम को बीसलपुर पेयजल के कॉमर्शियल इस्तेमाल की शिकायत मिली थी। इसके बाद जलदाय विभाग की टीम ने छापे मार करवाई कर जयपुर के खो नागोरियान इलाके में घरेलू कनेक्शन से कॉमर्शियल एक्टिविटीज करने वाले 7 घरेलू कनेक्शन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया।



### घरेलू कनेक्शन से होटल में भर रहे थे पानी

जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमे सुचना मिली थी कि बीसलपुर लाइन से घरेलू कनेक्शन के पानी का इस्तेमाल होटल येलो पार्क एंड रिसोर्ट के स्विमिंग पूल भरने में किया जा रहा है। इसके बाद हमारी टीम ने घरेलू कनेक्शन को काट होटल संचालक के खिलाफ 5 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। इसके साथ ही 7 घरेलू कनेक्शन जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल एक्टिविटीज में किया जा रहा था। उन्हें काटकर उनके मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### खो नागोरियान में एफआईआर दर्ज

अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस मामले में आपराधिक गतिविधियों के अंतर्गत भारत न्याय संहिता की धारा 303(2), 326 A और प्रीवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की धारा 3 में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना खो नागोरियान में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इसके अलावा 1 हजार 100 एवं 3 हजार रुपए प्रति कनेक्शन क्रमशः स्थायी पेनल्टी एवं विभाग द्वारा जल सम्बन्ध विच्छेद करने के लिए किए गए व्यय राशि देय होगी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने बताया कि विभाग की ओर से सोमवार को राजस्थान वाटर सप्लाई और सीवरेज कॉरपोरेशन एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार न्यायालय में होटल के विरुद्ध परिवाद पेश किया जाएगा, जिसमें दोष सिद्ध होने पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### 5 जुलाई को ही जारी किया था आदेश

बता दें कि 5 जुलाई को जलदाय विभाग ने राजस्थान में पीने के पानी का इस्तेमाल घरेलू के अलावा अन्य किसी काम के लिए नहीं करने का आदेश दिया था। इसके तहत घरों में सप्लाई होने वाले पानी से लोग न गाड़ी धो सकेंगे, न ही किसी निर्माण में इस्तेमाल कर सकेंगे। रेस्टोरेंट में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में जलदाय विभाग की टीम ने पीने के पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

## यूडीएच मंत्री की फटकार के बाद हरकत में आया जेडीए

# आज गोपालपुरा से गुर्जर की थड़ी तक जमींदोज होंगे अवैध निर्माण

**30 जुलाई तक चलेगा अभियान, कल मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से श्याम नगर अजमेर रोड तक कब्जे हटाने का प्लान**

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण शहर के 50 किलोमीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाएगा। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विधानसभा सांगानेर के गोपालपुरा से की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुर विकास प्राधिकरण पहुंच शहर में हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नाराजगी जाहिर कर अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। उसके बाद अब जेडीए की टीम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पूरे शहर में अभियान चलाकर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

बता दें कि बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की नाराजगी के बाद अब जयपुर विकास प्राधिकरण यह कार्रवाई करने जा रहा है। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया- 15 जुलाई को गोपालपुरा मोड़ से गुर्जर की थड़ी तक लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके बाद 16 जुलाई को मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से श्याम नगर अजमेर रोड तक 4 किलोमीटर तक सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




### इन स्थानों पर की जाएगी कार्रवाई

अभियान के दौरान गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर, श्याम नगर, मालवीय नगर, दुर्गापुरा, वैशाली नगर, नर्सरी सर्किल, गुप्ता स्टोर, खातीपुरा, झोटवाड़ा, गवर्नमेंट हॉस्टल, रामनिवास बाग, घाट गेट, आगरा रोड, घाट की गुणी, दिल्ली रोड, ईदगाह, ट्रांसपोर्ट नगर, सांगानेर, मालपुरा गेट, क्वींस रोड, एसएमएस हॉस्पिटल, नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल और रामबाग सर्किल समेत कई इलाकों में कार्रवाई की जाएगी।

### किस दिन, कहां पर हटाएंगे कब्जे

18 जुलाई को जयपुरिया अस्पताल से एसएल मार्ग होते हुए दुर्गापुरा फ्लाईओवर तक लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होगी। 19 जुलाई को वैशाली नगर में नेशनल हैंडलूम के पीछे नर्सरी सर्किल, गुप्ता स्टोर, वैशाली सर्किल से खातीपुरा तिराहे तक 4 किलोमीटर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। 20 जुलाई को मालवीय नगर फ्लाईओवर से प्रधान मार्ग तक लगभग 2.2 किलोमीटर क्षेत्र में कार्रवाई के बाद 22 जुलाई के दिन गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे से 200 फीट बाईपास तक लगभग 8 किलोमीटर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद 23 जुलाई को रामनिवास बाग से घाट गेट, आगरा रोड से दिल्ली रोड, ईदगाह, ट्रांसपोर्ट नगर तक 7 किलोमीटर के क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 24 जुलाई को सांगानेर सर्कल से चौरडिया पेट्रोल पंप, मालपुरा गेट, सवाई माधोपुर टूटी पुलिया तक 5 किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### यहां भी होगी कार्रवाई

25 जुलाई को झारखंड महादेव तिराहे से क्वींस रोड खातीपुरा तिराहे होते हुए लता सर्किल तक 4 किलोमीटर क्षेत्र और इसके बाद 29 जुलाई को एसएमएस हॉस्पिटल से नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल, जेके लोन से बांगड़ अस्पताल तक लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र और आखिर में गोपालपुरा बायपास से रामबाग सर्किल तक लगभग 4.5 किलोमीटर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फायरिंग-मारपीट मामले में राजीनामा

# राष्ट्रीय करणी सेना के शिवसिंह ने मांगी महिपाल से माफी



**बेधड़क** | जयपुर

मारपीट व फायरिंग मामले में राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच सुलह हो गई है। दोनों ने राजीनामा कर लिया है। दोनों ने देर रात अलग-अलग वीडियो बनाकर कहा कि अब कोई झगड़ा नहीं है। परिवार का मसला है। आपस में सुलझा लिया है। शिव सिंह ने महिपाल सिंह से घटना को लेकर माफी भी मांग ली है।

महिपाल सिंह ने वीडियो जारी कर कहा- शुक्रवार को जो घटना हुई। उसमें समाज के सभी बड़े लोग एक साथ बैठे। यहां तय किया कि समाज का युवा आपस में लड़ेगा या वैर रखेगा तो समाज की ताकत कमजोर होगी। सभी लोगों की समझाइश के बाद मैं पूरे समाज के युवाओं से बोलना चाह रहा हूं कि वरिष्ठ यह चाहते हैं कि आपस में लड़ें नहीं। मैं महिपाल सिंह बोल रहा हूं। मेरा शिव सिंह से कोई झगड़ा नहीं है। हमारा आपस में जो भी मतभेद था, वह खत्म हो गया है। फ्यूचर में भी कोई मतभेद नहीं रहेगा। शिव सिंह शेखावत ने कहा- जो घटना हुई, आपसी गलतफहमी की वजह से हुई थी। यह हमारे परिवार का मसला है। हम लोगों ने मिल बैठकर आपस में सुलझा लिया है।

अब हमारे बीच में कोई मनमुटाव नहीं है। जो हुआ, उसके लिए मैं महिपाल सिंह से क्षमा प्रार्थी हूं। गौरतलब है कि 12 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे शिव सिंह शेखावत और महिपाल सिंह मकराना के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान फायरिंग और मारपीट भी हुई। गोली से किसी को चोट नहीं लगी थी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग करने के आरोप लगाए थे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## राजस्थान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

# एक-एक ही नामांकन, निर्विरोध जीते

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान स्टेट ओलिंपिक एसोसिएशन के चुनाव रविवार को भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक डॉ. मधुकांत पाठक व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के पर्यवेक्षक रणविजय सिंह चम्पावत की देख रेख में चुनाव अधिकारी महावीर सिंह राठौड़ ने करवाए।

इन सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन ही प्राप्त हुए, इसलिए चुनाव निर्विरोध रूप से संपन्न हो गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर तेजस्वी सिंह गहलोत (कबड्डी), महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर (तीरंदाजी), कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत (हॉकी) निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चैन सिंह राठौड़ (जिमनास्टिक), उपाध्यक्ष रघुवेंद्र सिंह डूंडलोद (घुड़सवारी), हीरानंद कटारिया (वुशु), नीलम (रग्बी), परम नवदीप (गोल्फ) चुने गए। संयुक्त सचिव शारदा जादम (एथलेटिक्स), निशा शर्मा (बास्केटबॉल), डॉ. राजीव शर्मा (लॉन टेनिस), दिलीप सिंह शेखावत (फुटबॉल) बने। कार्यकारी सदस्य एनके निर्वाण (मुक्केबाजी), अजीत सिंह राठौड़ (बास्केटबॉल), ओपी विश्वकर्मा (साइकिलिंग), रवि शर्मा (भारोत्तोलन), भगवान सहाय कौशिक (नेटबॉल), सुभाष योगी (बोलिंग), सहजाद खान (स्की और स्नोबोर्ड), धूलचंद डामोर (ओलंपियन, तीरंदाजी, एसओएम), मंजू बाला स्वामी (एशियाई खेल पदक विजेता, एथलेटिक्स, एसओएम), राम सिंह (पद्मश्री, ओलंपियन, एथलेटिक्स, एथलीट आयोग), शालिनी पाठक (एशियन गेम्स मेडलिस्ट) चुने गए।

## स्पीड ब्रेकर से उछलकर पलटी लैंड रोवर... युवक घायल, आरोपी को पकड़ा

# पीटा तो... बोला- 5-10 लाख लेकर छोड़ दो!

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में रविवार सुबह एक लैंड रोवर कार पलटी खा गई। रोड पर घिसटते हुए गाड़ी ने एक युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसे के बाद भाग रहे कार सवार युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। बिंदायका थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को सीधा करवाकर रोड किनारे खड़ा करवाया।

पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट सुबह करीब 7 बजे सिरसी रोड पर नीमेड़ा बस स्टैंड के पास हुआ। लैंड रोवर की डिफेंडर गाड़ी में सवार होकर तीन युवक वैशाली नगर की ओर जा रहे थे। बस स्टैंड के पास मोड पर ब्रेकर से उछलकर डिफेंडर गाड़ी पलटी खा गई। ओवर स्पीड होने के कारण रोड पर घसीटते हुए गाड़ी कुछ दूरी तक घसीटते हुए गई। कार ने एक दुकान के बाहर बैठे छोटू लाल नाम के युवक को टक्कर मार दी। वो चोटिल हो गया।



इस दौरान मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने घायल छोटू लाल को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। गाड़ी से निकलकर उसमें सवार दो युवक मौके से भाग निकले। कार सवार एक युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। बिंदायका थाना पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने युवक को उनके हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पकड़ में आया कार सवार युवक शराब के नशे में था। वह 5-10 लाख रुपए लेकर उसे छोड़ने की बात कह रहा था। हेड कॉन्स्टेबल छोटू राम का कहना है कि दोनों ही पक्षों का आपस में राजीनामा हो गया है। दोनों ही पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है।

## 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान

# बनीपार्क में दीवारों पर सौंदर्यीकरण के साथ उकेरा स्वच्छता का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम के 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान के तहत शहरी सौंदर्यकरण को बढ़ावा देते हुए वॉल पेंटिंग की गई। इस दौरान हेरिटेज निगम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी और कंट्री फाउंडेशन की टीम ने हेरिटेज अग्निशमन कार्यालय बनीपार्क के बाहर दीवार पर पेंटिंग की। विभिन्न सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सिविल लाइन जोन एक्सईएन दिनेश गुप्ता ने बताया कि शहरी शौन्दर्यकरण के तहत हेरिटेज निगम क्षेत्र में दीवारों पर पेंटिंग की जा रही है। साथ ही आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान में कई सामाजिक संगठन और एनजीओ भी हमारे साथ मिलकर वॉल पेंटिंग का कार्य कर रहे हैं।






### बच्चों ने भी निभाई भागीदारी

रविवार को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी से अधिकारियों ने अपने परिवार के साथ मिलकर पेंटिंग की। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम कंट्री फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

### आर्मी जवानों के संग किया पौधरोपण

वहीं, आर्मी एरिया में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया गया। इस दौरान हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी, सेना के अधिकारी और कंट्री फाउंडेशन के सदस्य शामिल रहे। पौधरोपण के बाद सभी 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' नारा लगाकर आमजन को जागरूक किया।

### बच्चों को पेड़ का महत्व बताएं

हिंदुस्तान पेट्रोलियम के वरिष्ठ अधिकारी दिगंबर राणा ने बताया कि हमें हमारे कल के सुरक्षित भविष्य के लिए एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, साथ ही हमारे बच्चों को पेड़ का महत्व बताते हुए उन्हें पौधरोपण सीखना चाहिए।

**जरूरी खबर**

### आक्रोशित गो भक्तों ने जताया विरोध

**जोधपुर।** शहर में बीती रात को एक दर्जन गोवंश पर तेजाब फेंकने की घटना सामने आई है। रविवार सुबह इस घटना की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में गोभक्त मौके पर जमा हो गए और आक्रोश जताने लगे। मामला मथानिया थाना क्षेत्र के नेवरा गांव का है। हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत किया। मथानिया थाना पुलिस के अनुसार रविवार सुबह नेवरा गांव में गो भक्तों ने एक दर्जन गाय व बछड़ों पर अज्ञात लोगों द्वारा तेजाब डालकर घायल करने की सूचना दी थी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत किया। साथ ही इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मातमी धुनों के बीच आलम सद्दे का जुलूस



**चाकसू।** कस्बे में अंजुमन युवा कमेटी ने रविवार की शाम को हजरत अलम बरदार की शहादत की याद में मातमी धुनों के बीच आलम सद्दे का जुलूस निकाला। आलम सद्दे का जुलूस मस्जिद लुहारांन से रवाना हुआ। जो मोहल्ला करारखानीयान, देशवालीयान व नागोरी मोहल्ले सें होते हुए दलालों के मोहल्ले में पहुंचा। इसके बाद गमी माहौल व मातमी धुनों के साथ मुस्लिम युवाओं का जुलूस मुख्य बाजार होता हुआ पीर जलाल शाह बाबा के परिसर में पहुंचा। इस दौरान अखाडों से युवको ने शारीरिक प्रदर्शन के साथ कई तरह के करतब भी दिखाए। इस दौरान रास्ते में कई स्थानों पर ठंडे पानी व शर्बतों की छबीले लगाई गई। इस अवसर पर लोगो ने फातिया भी पढी वही ईमाम हुसेन के डोरे भी बांधे।

### कार व थ्री व्हीलर ऑटो में आमने-सामने की टक्कर

**चाकसू।** शिवदासपुरा टोल प्लाजा के पास रविवार को थ्री व्हीलर ऑटो व एक कार में आमने सामने की टक्कर हो गई। वहीं ऑटो में सवार परिवार के 4-5 लोग थे जिनके हल्की चोट आई है। पुलिस के अनुसार ऑटो में सवार सभी लोगो हल्की फुल्के खरोंच हैं वह सकुशल है। गौरतलब है कि रविवार को टोल प्लाजा के पास गलत दिशा से शिवदासपुरा की ओर आ रही कार ने सामने से आ रहे ऑटो को टोक दिया। हादसे के बाद कार को छोड़कर चालक मौक़े से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुटी गयी है।

**न्यायालय भवन व अधिवक्ताओं के लिटिगेंट शेड का लोकार्पण किया**

# लंबित प्रकरणों के लिए पर्याप्त न्यायाधीश नियुक्त हो: सीजे

### दो साल बाद हुआ लोकार्पण कार्यक्रम

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

जिला मुख्यालय स्थित मिनी सचिवालय परिसर में शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने नवीन न्यायालय भवन व अधिवक्ताओं के लिटिगेंट शेड का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने इस दौरान कहा कि जैसे ही उन्हें जानकारी हुई कि प्रतापगढ़ में नवीन न्यायालय भवन बने दो वर्ष से अधिक समय हो गया है, लेकिन उसका लोकार्पण नहीं हुआ, तो उन्होंने तत्काल इस संबंध में प्रतापगढ़ के संरक्षक न्यायाधिपति एवं बिल्डिंग कमेटी के अध्यक्ष विनीत माथुर से सूचना प्राप्त की। जिनके द्वारा उन्हें बताया गया कि अधिवक्ताओं के बैठने के लिए अभी तक चैम्बर का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है।

चैम्बर निर्माण के लिए स्वीकृति जारी नहीं की गई है। इसके बाद उन्हें लिटिगेंट शेड के निर्माण के लिए प्रस्ताव पेश किया और दूसरे ही दिन लिटिगेंट शेड के निर्माण के लिये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का आदेश जारी कर दिया गया।




### 13 हजार लंबित प्रकरणों के निस्तारण न्यायाधीश नियुक्त

उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ जिले में करीब 13000 प्रकरण लंबित हैं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए पर्याप्त संख्या में न्यायाधीश नियुक्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में विवादों को आपसी समझाइश से निपटाने के लिए परामर्श देते हुए प्रतापगढ़ न्याय क्षेत्र को नवीन, सुविधायुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण न्यायालय भवन के लोकार्पण की शुभ कामनाएं दी। इस दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति मुन्नुरी लक्ष्मण, फरजंद अली, विनीत माथुर तथा प्रतापगढ़ के जिला एवं सेशन न्यायाधीश ओमी पुरोहित मौजूद रहे।

### लिटिगेंट शेड के लिए 46 लाख ₹ की स्वीकृति के लिए दिया धन्यवाद

इससे पहले प्रतापगढ़ के जिला एवं सेशन न्यायाधीश ओमी पुरोहित ने बताया कि वर्तमान में प्रतापगढ़ की एमएसीटी कोर्ट में 100 केस पेंडिंग हैं। जिसमें से करीब 35 से 40 प्रकरणों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिटिगेंट शेड के लिए 46 लाख रुपए की तत्काल स्वीकृति दिए जाने के लिए संरक्षक न्यायाधीश एवं बिल्डिंग कमेटी के अध्यक्ष विनीत माथुर को व प्रतापगढ़ अभिभाषक संघ को इस कार्य में उनके साथ मजबूती से खड़े रहने के लिए धन्यवाद दिया। पुरोहित ने बताया कि संरक्षक न्यायाधिपति ने उनके चैम्बर्स के लिए दो माह में स्वीकृति देने और तीन माह में चैम्बर्स का काम शुरू होने की बात कही है।

**माता के मंदिर में दर्शन कर अपने गांव लौट रहा था परिवार**

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, तीन की मौत, 3 घायल

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

डीडवाना से गुजर रहे मेगा हाइवे पर रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। इसमें एक बोलेरो कार पेड़ से टकरा गई, इससे कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं, इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में एक महिला और नाना-दोहिता शामिल हैं।

लाडनूं थानाधिकारी मंजू ने बताया कि सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और डीडवाना के ग्राम खरेश में माताजी के मंदिर में फेरी लगाकर वापस अपने गांव कसुंबी लौट रहे थे। वहीं, लौटने के दौरान मेगा हाइवे पर सांवराद गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दौरान बोलेरो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अन्य जख्मियों को एंबुलेंस की मदद से डीडवाना के राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच रास्ते में एक और जख्मी की मौत हो गई।





### पुलिस जुटी जांच में

घटना की सूचना पर लाडनूं पुलिस बांगड़ अस्पताल पहुंची और मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। मृतकों की पहचान श्रवण कुमार, शिवा और तुलसी के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में राजश्री, संतोष और बसंती को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कोमा में पहुंचा, मां की रिपोर्ट पर जांच में जुटी पुलिस

**चूरू।** चूरू के सदर थाना क्षेत्र के खासोली बालाजी मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से गवर्नमेंट डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ ने उसका इलाज किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे को लेकर सदर थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। सदर थाना के एएसआई गिरधारीलाल सैनी ने बताया कि वार्ड 40 निवासी शशी शर्मा ने रिपोर्ट दी कि उसका बेटा अभिषेक मिलन शर्मा (28) 11 जुलाई को बाइक पर किसी काम से बिसाउ जा रहा था। तभी दोपहर करीब 12 बजे खासोली बालाजी मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अभिषेक मिलन गंभीर घायल हो गया। इस हादसे की सूचना परिजनों को खासोली निवासी मुकेश शर्मा ने दी।

घायल अभिषेक सड़क पर खून से लथपथ पड़ा था। जिसको निजी वाहन से गवर्नमेंट डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया। जहां मौजूद डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ ने उसका इलाज किया।

**कर्ज में डूबे मुनीम व ड्राइवर की करतूत**

## लूट की झूठी कहानी रचकर उड़ाए 19.31 लाख, तीन गिरफ्तार



**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के बयाना-हिंडौन मार्ग पर एक व्यापारी के ड्राइवर और सहयोगी से 24 जून की रात को 19.31 लाख रुपए की लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। असल में व्यापारी के मुनीम को क्रिकेट सट्टा में भारी नुकसान हो गया। जिसके बाद मुनीम ने ही ड्राइवर और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर व्यापारी के भुगतान की राशि की लूट की योजना बनाई। तीनों ने 19.31 लाख रुपए लूटकर राशि आपस में बांट ली। पुलिस ने घटना का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 लाख 75 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। वहीं एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बयाना पुलिस थाने में गत 25 जून को करौली जिले के हिंडौन निवासी व्यापारी राजीव अग्रवाल ने उसके ड्राइवर व हेल्पर से भुगतान राशि 19.31 लाख रुपए की लूट का मामला दर्ज कराया था। मामले दर्ज होने के बाद एएसपी बृजेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने जांच के दौरान भरतपुर से बयाना व सिकंदरा के बीच करीब 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया।

जांच के दौरान जानकारी मिली कि व्यापारी की फर्म का मुनीम दीपक गोयल क्रिकेट का सट्टा लगाता है और उसे भारी नुकसान हुआ है। मुनीम ने बयाना कोर्ट से एफआईआर की कॉपी भी प्राप्त की। मुनीम दीपक गोयल की गतिविधियों पर नजर रखी, तो पता चला कि मुनीम, व्यापारी का ड्राइवर रवि राय और उनका मित्र दीपक बेनीवाल साथ-साथ रहते थे। पुख्ता सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने पकड़ लिया।

**अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप**

## पुलिस पर हमले के 8 आरोपी पकड़े

**बेधड़क** | चाकसू

कोटखावदा थाना क्षेत्र के ठीकरिया मीणा न गांव में शनिवार की शाम को विभिन्न मामलों में लिप्त आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर परिजनों व ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। जिसमें 6 पुलिस कर्मी घायल हुए थे, 2 की हालत ज्यादा गम्भीर बनी हुई थी। वहीं घटना के बाद रात्री को ही एसीपी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चाकसू, कोटखावदा, शिवदासपुरा थाना क्षेत्र से भारी जाब्ता तैनात कर दिया था। जिससे गांव पूरी तरह से छावनी बन गया था। वहीं देर शाम से लेकर रविवार तक पुलिस को



मिली बड़ी सफलता मिली है और पुलिस पर जानलेवा हमले में 8 जने गिरफ्तार किया है। जिनमें 2 महिला भी शामिल है।

एसीपी सुरेंद्र सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी में शातिर बदमाश कृष्ण मीणा भी चढ़ा पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। वही अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। गांव में पूरी तरह भय का माहौल है लोग घरों से नदारद हो गए है। वहीं थाना प्रभारी कोटखावदा अब्दुल वहीद ने बताया कि देर रात्रि के घटना में पुलिस पर जानलेवा हमला व राजकीय मामले में बाधा पहुंचाने के आरोप में रामफूल मीना पुत्र मोतीलाल मीना उम्र 45 साल, विश्राम मीना पुत्र सीताराम मीना उम्र 27 साल, रामकेश मीना पुत्र गंगाधर मीना, रामवतार मीना पुत्र सीताराम, राजूलाल मीना पुत्र गंगाधर मीन, कृष्ण कुमार मीना पुत्र रामफूल मीना, श्रीमती मीरा देवी, श्रीमती छोटी देवी को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी डाबर वाली ढाणी ठीकरिया मीनान गांव के रहने वाले थे।

**पुलिस से बचने के लिए 25 हजार के इनामी ने रची साजिश**

## फिरोज बना राहुल, सिर मुंडवा छुपता रहा

**बेधड़क** | अलवर

जिले में पुलिस से बचने के लिए 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान से राहुल बन गया। डर के मारे उसने सिर मुंडवा लिया। शातिर बदमाश को पकड़ने के लिए पुलिस ने ढाबे पर चार दिन तक रेकी की और यहां बर्तन धोने का काम कर रहे हिस्ट्रीशीटर को दबोच लिया। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि मन्नाका गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान (21) को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में ढाबे पर बर्तन धोते हुए गिरफ्तार किया है। उस पर राजस्थान के साथ मध्यप्रदेश में भी मामले दर्ज है। 2 महीने पहले फिरोज ने एक व्यापारी को धमकी दी थी। मामला सामने आने पर 22 जून को पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिए उसके घर दबिश दी थी। इस दौरान उसके परिवार के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था और मौका पाकर फिरोज फरार हो गया था। एसपी ने बताया कि फिरोज को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई। आरोपी पहले भी एक मर्डर केस में जेल जा चुका था। जेल में बंद फिरोज के साथियों से पूछताछ की तो पता चला कि वह महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हो सकता है। इस पर 7 दिन पहले एक टीम कोल्हापुर भेजी गई। इस दौरान पुलिस को एक ढाबे के बारे में इनपुट मिला और बताया गया कि फिरोज वहां हो सकता है। इस पर टीम उस ढाबे पर पहुंची और चाय पीने के बहाने चार दिन तक वहां रेकी की। यहां पुलिस को पता चला कि फिरोज ने अपना हुलिया ही बदल दिया है और यहां बर्तन धोने का काम करता है। शनिवार को टीम ने फिरोज को बर्तन धोते हुए दबोचा।



**बजट घोषणाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिए अधिकारियों को निर्देश**

# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिलों में पहुंचे मंत्री-सचिव

**बेधड़क** | सीकर

हाल्ही में जारी हुए बजट को धरातल पर उतारने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री और सचिव फील्ड में उतर गए हैं। दो दिन से सचिव और मंत्रियों ने जिलो में डेरा डालने के साथ बैठक लेना शुरू की है। इधर, सीकर में वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने वाले बजट में राज्य सरकार ने हर वर्ग, हर तबके के लिए सौगातें दी हैं। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 का बजट 'विकसित राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा रविवार को जिला परिषद सभागार में बजट घोषणाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने जिले मे बजट घोषणा के अंतर्गत जमीन आवंटन, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सीकर जिला कलेक्टर कमर चौधरी आदि मौजूद रहे।









### प्रभारी मंत्री ने पौधा लगाकर किया अभियान का शुभारम्भ

वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में अशोक का पेड़ एवं स्मृति वन में पीपल का पौधारोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, खंडेला विधायक सुभाष मील, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, जिला कलेक्टर कमर चौधरी, सीकर पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं हो

टोंक। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेकर बजट घोषणा के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला प्रभारी सचिव अर्चना सिंह, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

### बजट घोषणाओं को लागू करवाने में कोताही बर्दाश्त नहीं

राजसमंद। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रविवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहे। सुबह नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन करने के बाद जिला कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में त्वरित प्रगति बताने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्यों के साथ बजट घोषणा के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बजट में सर्वजन कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन अब बजट घोषणा का प्रत्येक कार्य समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरना चाहिए।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज अस्थाई भवन में चले

प्रभारी मंत्री ने उच्च शिक्षा की बजट घोषणा के तहत निवाई में बनने वाले पॉलिटेक्निक कॉलेज को भूमि आवंटन होने तक अस्थाई भवन में चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना का जिले में बेहतर प्रचार-प्रसार करने के निर्देशित किया।

### मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने जारी किया स्पेशल कार्ड

# अगर आप स्किल्ड हैं तो जर्मनी में नौकरी की 'अपोर्चुनिटी'

**बेधड़क** | जयपुर

अगर आप इंजीनियरिंग, आइटी या हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स हैं और जर्मनी में नौकरी करने की इच्छा रखते हैं तो आपके लिए अच्छी अपोर्चुनिटी है। ऐसे लोगों के लिए जर्मनी की सरकार ने 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' लॉन्च किया है।

यह कार्ड यूरोप के बाहर के देशों के नागरिकों को जर्मनी में रहने और एक साल तक जॉब सर्च करने का मौका देता है। इसे भारतीयों समेत विभिन्न एशियाई देशों के लिए एक बेहतरीन अवसर माना जा रहा है, क्योंकि भारत से काफी संख्या में स्टूडेंट्स पढ़ाई करने जाते हैं। इस मामले में भारत ने 2023 से पहले तक सबसे आगे रहे चीन को पछाड़ दिया है। 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' से न सिर्फ जर्मनी में पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स बल्कि अन्य भारतीय पेशेवर भी जॉब कर सकते हैं।

## यह मिलेगा फायदा

जर्मनी सरकार द्वारा दिए जा रहे 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' को पाने के बाद प्रोफेशनल्स इसके तहत अब बढ़ाई गई अवधि-24 माह तक वहां रह सकेंगे। कुछ विशेष परिस्थितियों में इस अवधि को 2 और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में एक वर्ष जॉब सर्च कर के बाद अधिकतम 3 वर्ष तक रहा जा सकता है। जर्मनी सरकार ने 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' स्कीम के अंतर्गत पार्ट टाइम नौकरी की सीमा को 10 घंटे से बढ़ाकर 20 घंटे कर दिया है। इससे प्रोफेशनल्स को जॉब सर्च करने में आसानी होगी। 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' दिए जाने में 40 वर्ष से कम आयु वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' प्राप्त करने के लिए एप्लीकेशन प्रॉसेस और जरूरी डॉक्यूमेंट्स की जानकारी के लिए जर्मन दूतावास की आधिकारिक वेबसाइट india.diplo.de पर विजिट कर सकते हैं।



## जर्मनी ने इसलिए लॉन्च किया कार्ड?

जर्मनी की सरकार द्वारा 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' लॉन्च किए जाने के पीछे मुख्य कारण है स्किल्ड वर्कर्स की कमी। खबरों के मुताबिक, जर्मनी को वर्ष 2035 तक 70 लाख स्किल्ड वर्कर्स की आवश्यकता होगी। इंडस्ट्री सेक्टर्स की बात करें तो सबसे अधिक नर्सिंग, फूड एवं बेवरेजेस कंपनियों और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से संबंधित स्किल्ड वर्कर्स की जर्मनी में विशेष कमी है। जर्मनी की फेडरल एम्प्लॉयमेंट एजेंसी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2024 तक 7 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां खाली हैं। ऐसे में जर्मन सरकार की 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' के माध्यम से स्किल्ड मैनपॉवर की कमी को दूर करने का लक्ष्य है।

## 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' पाने के लिए यह योग्यता

जर्मनी की सरकार द्वारा दिए जा रहे 'अपॉर्चुनिटी कार्ड' को प्राप्त करने के लिए कैंडिडेट्स को कम से कम 2 वर्ष की अवधि की वोकेशनल ट्रेनिंग या प्रोफेशनल डिग्री उत्तीर्ण किया होना चाहिए। साथ ही, जर्मन या अंग्रेजी भाषा पर पकड़ होनी चाहिए। हालांकि, जर्मन भाषा का बेसिक ज्ञान (लेवल ए2) आवश्यक है। इसके अतिरिक्त जर्मनी में एक साल रहने के लिए 12 हजार यूरो (लगभग 10 लाख) रुपए होने चाहिए।

## Yuva स्टोरीज

### नॉन प्रोफेशनल कलाकारों ने बांधा समां

# गीतकार आनंद बक्शी की याद में गूंजे नगमे




**बेधड़क** | जयपुर।

शहर की फिजां संगीतमय हो गई, जब स्वर साधना के कलाकारों ने अपने अनूठे अंदाज में गुजरे जमाने के मशहूर गीतकार आनंद बक्शी के गीतों से उन्हे श्रद्धांजलि दी। स्वर साधना के नॉन प्रोफेशनल कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। कार्यक्रम में आनंद बक्शी के पुत्र राकेश बक्शी की किताब नगमे, किस्से-बातें, यादें से बहुत से उद्धरण ले कर चर्चा के माध्यम से कार्यकम में जान डाल दी। कार्यक्रम की शुरुआत जेपी रामावत और पूनम जैन के गाए गीत से हुई और इसके बाद एकल और युगल गीतों की फेहरिस्त में नरेंद्र मेहता, केके ठाकोर, कैलाश सोलंकी, डॉ. संकल्प कुलश्रेष्ठ, धर्मेन्द्र उपाध्याय, समीर सेन, अतुल माथुर, एस डी माथुर, मनीष बट्टा के साथ गायिकाओं रजनी ठाकोर, वंदना जैमिनी, तृप्ति सक्सेना, कोपल माथुर और हर्षा रतवानी ने महफिल को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में हम तो तेरे आशिक हैं, गम का फसाना जैसे एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत किए गए। धर्मेन्द्र उपाध्याय ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संकल्प ने कार्यक्रम की समाप्ति पर बताया कि जब तक श्रोताओं का प्यार मिलता रहेगा स्वर साधना अच्छे गीत संगीत के माध्यम से इसी तरह मनोरंजन करती रहेगी।

# शहर की विभूतियों का किया सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से रविवार को 50वां स्थापना समारोह महावीर स्कूल ऑडिटोरियम में मनाया गया। अध्यक्ष सुभाष गोलछा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महावीर विकलांग समिति के अध्यक्ष डीआर मेहता, समाज सेवी व ज्वेलर सुरेश जैन कासलीवाल और पूर्व चेयरमैन सेबी सुशील जैन कालीवाल रहे। कार्यक्रम में कई विभूतियों का सम्मान किया गया। इनमें प्रसन्न कुमार गोलछा, महावीर केंसर के एनआर कोठारी, रिटायर्ड जस्टिस एनके जैन और महावीर शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष एनके सेठी को सम्मानित किया गया। सोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेंद्र सेठी और कोषाध्यक्ष अशोक रांका ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के विगत 50 सालों में किए गए सेवा कार्यों के बारे में बताया गया। सचिव अनिल बैध ने बताया कि संस्था द्वारा जनता कॉलोनी में कई सालों से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसमें जन सेवा की भावना के तहत मरीजों से नाम मात्र का चार्ज लिया जा रहा है। प्रचार सचिव वीर बसंत जैन व राज कुमार बिलाला ने बताया कि ये सेवा कार्यक्रम वर्षपर्यन्त चलते रहेंगे। वहीं, महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से रविवार को हुए 50वें स्थापना समारोह में दिशा संस्थान के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मौजूदा सभी लोगों से तालियां बटोरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आई एच एफ ट्रॉफी

### बांग्लादेश उपविजेता, यूथ में नेपाल-जूनियर में मालदीव तीसरे स्थान पर

# हैंडबॉल में यूथ और जूनियर दोनों वर्ग में भारत चैंपियन

**बेधड़क** | जयपुर

मेजबान भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में रविवार को संपन्न आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यूथ वर्ग के खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 56-36 से हराया। मध्यांतर तक भारत ने 31-14 से बढ़त बना रखी थी। मालदीव को हरा नेपाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के फाइनल ने भारत ने बांग्लादेश को 55-25 से हराया। हाफ टाइम तक भारत 31-16 से आगे था।

नेपाल को हराकर मालदीव तीसरे स्थान पर रहा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र राठौड़ थे। समारोह की अध्यक्षता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने की। विशिष्ठ अतिथि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे, पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया, विज्ञान लोढ़ा, आईएचएफ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ व कुवैत से डॉ. ख़ालिद अल्सारजी व टेबिल्टन इंडिया के निदेशक डॉ. सौरभ जैन थे।






फोटो: राजेश कुमावत

### कतर व कुवैत से आए थे निर्णायक

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि आईएचफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग में चार देशों मेजबान भारत, नेपाल, मालदीव व बांग्लादेश की टीमों ने भाग लिया, जबकि निर्णायक कतर व कुवैत से आए थे। आईएचएफ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ व कुवैत से डॉ. खालिद अल्सारजी आए।

### जयपुर में चौथी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता

उन्होंने बताया कि यह जयपुर में चौथी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। इससे पहले 1996 में पहली दक्षिण एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला), 2011 में आईएचएफ इंटर कांटीनेंटल ट्रॉफी व 2019 में एशियन यूथ महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें दस देशों की टीमों ने भाग लिया था। यूथ वर्ग में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के नवदीप को अतिरिक्त कमिश्नर इनकम टैक्स राजेंद्र शेखावत पुरस्कार दिया। जूनियर वर्ग के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के अनूप को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया ने पुरस्कार दिया।

### 1 दिसंबर को आयोजित की जाएगी परीक्षा

# क्लैट 2025 एग्जाम के लिए आज से भरे जाएंगे फार्म



**बेधड़क** | जयपुर

कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (CLAT 2025) की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से क्लैट 2025 एग्जाम के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू कर दी जाएगी। एप्लीकेशन प्रॉसेस शुरू होते ही अभ्यर्थी इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस एग्जाम की तैयारियों में लगे अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। परीक्षा का आयोजन 1 दिसंबर 2024 को तय केंद्रों पर करवाया जाएगा।

### इतना भरना पड़ेगा शुल्क

क्लैट 2025 एग्जाम के लिए आवेदन के साथ जनरल एवं ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को 4000 रुपए जमा कराने पड़ेंगे। एससी और एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को एप्लीकेशन फीस के रूप में 3500 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा।

### यह रहेगी आवेदन की प्रक्रिया

क्लैट 2025 आवेदन पत्र भरने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in पर जाना होगा। इसके बाद पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद अन्य डिटेल भरकर फॉर्म पूर्ण करना होगा।

# जलवायु परिवर्तन और डिजिटाइजेशन पर चर्चा

**जयपुर।** डिजिटलाइजेशन और जलवायु परिवर्तन पर एक होटल में रविवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन फोकस संगठन की ओर से आयोजित हुआ। फोकस एक ऐसा मंच है जहां विश्व की समस्याओं जैसे एचबीएससी विद्युत, प्लम्बिंग, अग्निशमन, यातायात, भवन निर्माण, ऊर्जा संरक्षण आदि पर विस्तृत चर्चा जाती है। इस सम्मेलन में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सम्मेलन के बाद फोकस जयपुर चैप्टर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में शैलेंद्र कसेरा ने जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं, जिकेश अरोड़ा, अमित कक्कड़, एन राम, विनोद गर्ग, तपन बसु राय ने भी पद के दायित्वों की शपथ ली। आशीष रखेजा और के.डी. सिंह ने नए सदस्यों को शपथ दिलवाई। सम्मेलन के समापन में तपन बासु रॉय ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

**खास खबर** | 20-21 जुलाई को होगा एग्जाम, 17 को उपलब्ध होंगे एडमिट कार्ड

# RAS (मुख्य) परीक्षा की एग्जाम सिटी स्लिप जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से आरपीएससी आरएएस/आरटीएस मुख्य परीक्षा 2023 के लिए एग्जाम सिटी स्लिप उपलब्ध करवा दी गई है। अभ्यर्थी इसे एसएसओ पोर्टल पर लॉग इन करके डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड 17 जुलाई को जारी किए जाएंगे। परीक्षा का आयोजन 20 एवं 21 जुलाई 2024 को होना प्रस्तावित है।

गौरतलब है कि राजस्थान अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाना है। जो भी अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, उनके लिए अब आरपीएससी की ओर से परीक्षा शहर की जानकारी के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। उम्मीदवार एग्जाम सिटी स्लिप ऑनलाइन माध्यम से SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। एग्जाम सिटी स्लिप डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को लॉग इन डिटेल दर्ज करनी होंगी।




### ऐसे डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

आरपीएससी आरएएस मेंस एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड 17 जुलाई को जारी किए जाएंगे। प्रवेश पत्र जारी होने के बाद अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर जाकर सिटीजन एप (G2C) में रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर या राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (RPSC) की ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एडमिट कार्ड के लिंक पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकेंगे।

### एडमिट कार्ड के रूप में नहीं मानेंगे टी स्लिप

बता दें कि एग्जाम सिटी स्लिप का उपयोग एडमिट कार्ड के रूप में नहीं किया जा सकता है। इसलिए एडमिट कार्ड जारी होने के बाद अभ्यर्थी इसे अवश्य डाउनलोड कर लें और परीक्षा के दिन पर इसे भी अपने साथ लेकर जाएं। एडमिट कार्ड के साथ ही अभ्यर्थी एक वैलिड पहचान पत्र भी अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं।

# प्रभाष जोशी की तर्ज पर करने होंगे कागद कारे!



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आधुनिक हिंदी पत्रकारिता की जब भी बात होती है, तो प्रभाष जोशी एक ऐसा नाम है, जिनके जिक्र के बिना यह चर्चा अधूरी ही रहेगी। वह सिर्फ पत्रकार ही नहीं थे, बल्कि उनकी एक पहचान सामाजिक-राजनीतिक चिंतक की भी थी। प्रभाष जोशी का शुमार उन संपादकों में होता है, जिन्होंने हिंदी को नई दिशा, भाषा और तेवर प्रदान किए। उन्होंने हिंदी के पत्रकारों को सत्ता के गलियारों में विशिष्ठता प्रदान की। जोशी का लेखन सामाजिक सरोकारों से ओत-पोत लेखन था। एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के साप्ताहिक स्तम्भ 'कागद कारे' में समाजी, सियासी मुद्दों पर लिखी हुईं उनकी टिप्पढ़ियां हर एक का ध्यान अपनी ओर खींचती थी। बेबाकी और निर्भीकता प्रभाष जोशी की कलम की खास पहचान थी। उनके कलम के ताप से कोई नहीं बच पाता था। वे जो कुछ सोचते, पहले उसे तर्क की कसौटी पर कसते, फिर उसे कागज के पन्नों पर उड़ेल देते। प्रभाष जोशी के तरकश से जो भी तीर निकलता वह हमेशा सही निशाने पर लगता। उनके खाते में देश के लिए किए गए ऐसे कई काम हैं, जो उनकी लेखनी से मुमकिन हुए।

साल 1972 में समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के साथ चम्बल के डाकुओं के आत्मसमर्पण से लेकर, सूचना के अधिकार और रोजगार गारंटी आंदोलनों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रेस की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए लगातार कोशिशें की। आपातकाल का भयावह दौर रहा हो या भ्रष्टाचार, आतंकवाद या फिर साम्प्रदायिकता प्रभाष जोशी की कलम देश की सभी ज्वलंत समस्याओं पर समान तौर से आग उगलती थी। आठवें दशक में पंजाब से उठे आतंकवाद और नवें दशक से फैली साम्प्रदायिक लहर के खिलाफ, तो उन्होने बाकायदा मोर्चा खोलकर लड़ाई की। फिरकापरस्त ताकतों से वे अपनी जिंदगी के आखिरी वक्त तक लोहा लेते रहे। अपने तीखे और तार्किक लेखन की वजह से प्रभाष जोशी हमेशा चरमपंथियों और कट्टरपंथियों के निशाने पर रहे। बावजूद इसके उन्होंने सच का दामन नहीं छोड़ा। गांधीवादी और सर्वोदयी मूल्यों में प्रभाष जोशी का गहरा यकीन था। ये जीवन मूल्य उनके व्यक्तित्व में भी साफ झलकते थे।



**पत्रकार-लेखक-चिंतक प्रभाष जोशी की जयंती**

> *एक राष्ट्रीय अंग्रेजी अखबार के अहमदाबाद, चंडीगढ़ और दिल्ली में स्थानीय संपादक रहे। साल 1983 में 'उन्हें हिंदी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार की बागडोर सौंपी गई। साल 1983 के बाद का इस हिंदी समाचार पत्र और प्रभाष जोशी की कामयाबी का मिला-जुला इतिहास रहा।*

प्रभाष जोशी की हिंदी पत्रकारिता में शुरुआत साल 1960 में उस दौर के चर्चित समाचार पत्र से हुई। इस समाचार पत्र में कुछ साल काम करने के बाद वे नई दिल्ली आ गए। दिल्ली में उन्होंने यशस्वी संपादक भवानीप्रसाद मिश्र के संपादन में निकलने वाले दैनिक अखबार में कुछ समय काम किया। साल 1975 में प्रभाष जोशी अंग्रेजी दैनिक अखबार से जुड़े और यहीं से उनकी एक अलग पहचान बनी। लोहियावादी रामनाथ गोयनका के इस समाचार पत्र से वे एक बार जुड़े, तो हमेशा के लिए उसी के हो गए। साल 1975 में उन्होंने इस मीडिया हाउस के हिंदी साप्ताहिक संस्करण का संपादन किया। आपातकाल में साप्ताहिक के बंद होने के बाद इसी समूह की एक अन्य पत्रिका उन्होंने निकाली। बाद में वे इसी ग्रुप के दैनिक अंक के अहमदाबाद, चंडीगढ़ और दिल्ली में स्थानीय संपादक रहे। साल 1983 में इस मीडिया हाउस ने उन्हें अपने हिंदी अखबार की बागडोर सौंपी। साल 1983 के बाद का इतिहास इस हिंदी अखबार और प्रभाष जोशी की कामयाबी का मिला-जुला इतिहास रहा। एक दौर ऐसा भी आया, जब यह समाचार पत्र और प्रभाष जोशी एक दूसरे के पर्याय हो गए। पूरे अखबार पर उनकी छवि साफ नजर आती थी। उन्होंने अपने संपादन में पत्रकारों को वह छूट दी, जो आज विरले मीडिया संस्थानों में दिखलाई देती है। अपने पत्रकारों को प्रभाष जोशी की साफ समझाइश थी कि 'जो भी लिखो सच लिखो।'

नए पत्रकारों को समझाते हुए वे हमेशा कहते थे, 'जो लिखते हो, उससे प्रभावित होने की बजाय समाचारों में निष्पक्ष और तटस्थ बने रहो।' जाहिर है उनके संपादन में इस अखबार ने कामयाबी के कई नए सोपान तय किए। यह यह दैनिक हिंदी समाचार पत्र जब अपनी लोकप्रियता के चरम पर था और इसका सर्कुलेशन ढाई लाख से भी ऊपर पहुंच गया, तब प्रभाष जोशी इकलौते ऐसे सम्पादक रहे, जिन्होंने बाकायदा ऐलान कर अपने पाठकों से यह कहा कि 'पाठक अब इसे मिल बांटकर पढ़ें, अब हमारे पास इससे ज्यादा प्रिंट ऑर्डर बढ़ाने की मशीनी सामर्थ्य नहीं है।' बहरहाल, प्रभाष जोशी साल 1995 तक इस समाचार पत्र के संपादक रहे। संपादन से अवकाश लेने के बाद भी वे अखबार से संपादकीय सलाहकार के तौर पर जुड़े रहे।

साल 1992 में इस दैनिक हिंदी समाचार पत्र में शुरू हुआ साप्ताहिक स्तंभ 'कागद कारे', प्रभाष जोशी का लोकप्रिय स्तंभ था, जिसे लोग बड़े चाव से पढ़ते थे। इस कॉलम का उनके विरोधी भी हफ्ते भर बेसब्री से इंतजार करते थे। उस दौर में 'कागद कारे' की क्या अहमियत थी?, गर इसे जानना-समझना है, तो वरिष्ठ आलोचक नामवर सिंह की इस टिप्पणी पर गौर कीजिए, जो उन्होंने इसकी तारीफ में लिखी थी,''कागद कारे', एक तरह से आज का महाभारत है और इसके लेखक प्रभाष जी आधुनिक व्यास। व्यास जी की तरह प्रभाष जी ने यह दावा तो नहीं किया कि 'यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत्क्वचित्' अर्थात जो कुछ यहां है, वह दूसरी जगह भी है, और जो यहां नहीं है, वह कहीं नहीं है। फिर भी समग्रता 'कागद कारे' में कथित युगांत का प्रतिबिंब पर्याप्त समावेशी है।' पत्रकारिता और देश को बचाने के लिए आज कितने पत्रकार हैं, जो प्रभाष जोशी की तर्ज पर कागद कारे कर रहे हैं?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## दुनियाभर में होने वाले सड़क हादसों में सर्वाधिक भारत में

# रफ्तार की सुविधा के साथ बढ़े हादसे



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

> *सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मिलना मुश्किल है। दूसरी तरफ कार एवं बाइक लॉबी हमारे यहां इतनी मजबूत है कि वह कारों के उत्पादन में कमी लाने नहीं देगी, बल्कि उसकी तो कोशिश है कि कारें सड़कों पर निर्बाध चलें। इसके लिए पदयात्री, साइकिल, तांगा और साइकिल रिक्शा ही सड़कों से हटा दिया जाए?*

देश में सड़कों पर एक्सप्रेस हाइवे, चैड़ीकरण और ग्रामों में सड़कों के विस्तार से जिस अनुपात में रफ्तार की सुविधा बढ़ी है, उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। दुर्घटनाएं भी भीशण रूप में देखने में आ रही हैं। आधुनिक तकनीक से निर्मित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज गति से चल रही बस उन्नाव में तेज रफ्तार से चल रहे टैंकर से टकरा गई, जिसमें 18 लोगों के मारे जाने की घटना, पूर्व की दुर्घटनाओं की ताजा कड़ी है। पूरे देश में एक्सप्रेस-वे पर निरंतर दुर्घटनाएं घट रही हैं। यह चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं ? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। ऐसे में जल्दी मंजिल पाने की होड़ में वाहनों की गति बढ़ा दी जाती है और जब सामने कोई जानवर या वाहन आ जाता है तो रफ्तार को नियंत्रित करना संभव नहीं रह जाता। शराब पीकर वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है।

अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं। किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। यह वाकई हकीकत है। ग्रामीण इलाकों में जबसे ट्रेक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। विडंबना यह भी रही कि इसी दौरान गांव-गांव शराब की वैध-अवैध बिक्री भी शुरू हो गई, जो दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रही है। यही वह दौर रहा है जब आम लोगों में बेफिक्री से वाहन चलाने का चलन बढ़ा हैं। साथ ही इन क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण की सुविधा नहीं होना भी हादसों का एक कारण है। सड़क हादसों में भारत को हर साल मानव संसाधन का सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन (आईआरएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ज्यादा हैं। इस जानकारी के अनुसार 12.5 लाख लोगों की दुनिया में प्रतिवर्ष सड़क हादसों में मौतें होती हैं, इनमें सर्वाधिक भारत में होती है। जो परिवार हादसे में अपने परिजन को गंवाता है, उस पर पांच लाख रुपए का औसतन अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी हैं, वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राश्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बाइकर्स का आतंक छाया हुआ है।

दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। राजमार्ग लंबे व तेजगति के सफर के लिए होते हैं। इसलिए अकसर वाहनों की गति तेज रहती है। भारी मालवाहक वाहन राजमार्गों से ही गुजरते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालकों को आसानी से शराब की उपलब्धता दिखाई दे तो उसके प्रति स्वाभाविक रूप से लालच पैदा हो जाता है। इसके सेवन के साथ ही खतरे की आशंका बढ़ जाती है। राजमार्गों पर हर पांच किलोमीटर की दूरी पर औसतन शराब की तीन दुकानें हैं। इस बावत पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शराब लॉबी के दबाव में अंधाधुंध परमिट बांटने की प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि, 'शराब के भयावह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खूब चर्चा की जाती है, लेकिन संवैधानिक निर्देश के बावजूद सरकारें शराब पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखा पाती हैं। शराब कारोबारी भी धन के बूते ऐसी पहलों को व्यर्थ कर देते है और सरकारें राजस्व कमाई की दुहाई देकर शराब बिक्री जारी रखती हैं।'

पिछले डेढ़ दशक में देशभर की सड़कों पर क्षमता से अधिक वाहन आए हैं। अगस्त 2022 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में 21 करोड़ से ज्यादा दो पहिया और सात करोड़ से ज्यादा चार पहिया वाहन पंजीकृत हैं। नतीजतन सड़क दुर्घटनाएं भी नई ऊंचाई पर पहुंच रही हैं। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्श 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, इनमें 1,68,491 लोगों की मौतें हुईं और करीब 4.45 लाख लोग भी घायल भी हुए थे। 2021 की तुलना में 2022 में 12 प्रतिशत दुर्घटनाएं बढ़ गई और मरने वालों की संख्या भी 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। इन हादसों में ज्यादातर मरने वाले लोगों में 40 फीसदी, 26 से 45 आयु वर्ग के होते हैं। यही वह महत्वपूर्ण समय होता है, जब इन पर परिवार के उत्तरदायित्व के निर्वहन का सबसे ज्यादा दबाव होता है। ऐसे में दुर्घटना में प्राण गवां चुके व्यक्ति के परिजनों पर सामाजिक, आर्थिक और आवासीय समस्याओं का संकट एक साथ टूट पड़ता है। इन हादसों में 19 से 25 साल के इतने युवा मारे जाते हैं, जितने लोग कैंसर, टीबी और मलेरिया से भी नहीं मरते। ये हादसे मानवजन्य विसंगतियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आबादी में पीढ़ी व आयुवर्ग के अनुसार जो अंतर होना चाहिए, उसका संतुलन भी गड़बड़ा रहा है।

यातायात सुचारु रूप से संचालित हो, इसके लिए जापान, अमेरिका और सिंगापुर के यातायात कानून से भी सीख लेने की बात कही जा रही है। खासतौर से यूरोपीय देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आचार संहिता लागू है, जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इस संहिता के मुताबिक यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है, तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। संहिता में चालकों के नियम भी तय किए गए हैं। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। संहिता की शर्त के मुताबिक वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। हमारे यहां तो 80 साल के शक्ति और दृष्टि से कमजोर हो चुके बुजुर्ग भी सड़कों पर वाहन चलाते खूब देखे जाते हैं। फिर वाहनों के अनुपात में हमारी सड़कों पर जगह भी नहीं है। 74 फीट दूरी बनाएं रखने की बात तो छोड़िए, देश के महानगरों में 2 से 5 फीट की दूरी वाहनों के बीच बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। जाहिर है, हम लाइसेंस प्रणाली को श्रेष्ठ बनाने के लिए बात भले ही दुनिया के देशों का अनुकरण करने की करें, लेकिन नतीजे कारगर निकलें ऐसी उम्मीद कम ही है।



## व्यंग्य

# अंबानी को नहीं आईने में देखो



दिनेश दिनकर
व्यंग्यकार

लोग अंबानी परिवार को ट्रोल कर रहे हैं मगर क्यों। अनंत अंबानी की शादी का कार्यक्रम कई दिनों से चल रहा है, अनंत का वजन ज्यादा है, अनंत की शादी के कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेहमान शिरकत कर रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, मुख्यमंत्री, खिलाड़ी, विख्यात शख्सियत इत्यादि एक के बाद एक कतार में लगकर कैमरों के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। अगर इसलिए लोग अंबानी परिवार को ट्रोल कर रहे हैं तो ये लोग बालबुद्धि के मालिक हैं। ना तो देश में सब शारीरिक रूप से फिट हैं और इन ट्रोलर्स की मानसिकता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके रिश्तेदार और कुनबे वाले भी इनको अपनी खुशियों में आमंत्रित नहीं करते होंगे।

अंबानी परिवार के मेहमानों से जलने वालों को अपने नाराज़ मामा- फूफा को समय रहते मना लेना चाहिए क्योंकि दुख की घड़ी में अपने काम आएंगे अंबानी परिवार के रिश्तेदार नहीं। एशिया के सबसे अमीर शख्स हैं मुकेश अंबानी। उनके दोस्त, बिजनेसमैन, शुभचिंतकों की संख्या भी अधिक होगी और उनका सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, दार्शनिक स्तर का दर्जा भी काफी ज्यादा ही रहेगा। अतः सबको एक दिन में बुलाना और अटैंड करना संभव नहीं है, इसलिए इतनी लंबी शादी चल रही है। खर्चा अंबानी परिवार कर रहा है, मेहमान मुकेश अंबानी के घर आ रहे हैं, लोग पता नहीं क्यों परेशान हो रहे हैं।

जो लोग अपने घर की शादी में लड़की की विदाई होते ही टेंट का सामान देर रात तक ढूंढ-ढूंढ कर टेंट हाउस में भेजने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं कि कहीं अगले दिन का किराया ना देना पड़ जाए। वो अंबानी परिवार को ज्ञान दे रहे हैं कि इतने ज्यादा दिनों तक शादी का कार्यक्रम क्यों चलाया जा रहा है। जिन लोगों के घरों में शादी में बूंदी रायता खत्म होने की स्थिति में रायते में पानी और लाल मिर्च पाउडर डाल देते हैं ताकि ज्यादा लोग रायता ना ले पाएं। जो लोग अंबानी परिवार के सदस्यों के कपड़ों, गहनों को लेकर बकवास टिप्पणी कर रहे हैं उन्हें यह याद रखना चाहिए कि अंबानी परिवार ने शादी समारोह के लिए ना तो अपनी खानदानी जमीन बेची है और ना ही अपने घर की महिलाओं के गहने बेचे हैं। कुछ ट्रोलर्स अंबानी परिवार की शादी में भोजन की मेज की वीडियो पर बेबुनियाद टिप्पणी कर रहे हैं। इन ट्रोलर्स के घरों में शादी-ब्याह में इतने मेहमानों की संख्या नहीं होती, उससे ज्यादा तो अंबानी परिवार ने मेहमानों को अटैंड करने के लिए स्टाफ रखा हुआ है।

जिनकी दोस्ती शराबियों से होती है, वो अपने घर के कार्यक्रमों में बेवड़ों को बुलाकर झगड़ा होने की हद तक शराब पीते हैं और फिर एक-दूसरे को स्त्रीवादी गालियां बकते हुए सो जाते हैं। जिनकी दोस्ती राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेताओं -अभिनेताओं, खिलाड़ियों, बिजनेसमैन, कलाकारों, इत्यादि से होती है वो एक-दूसरे की उपस्थिति मात्र को लेकर कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। लोगों को फ़ालतू में सोशल मीडिया पर कचरा फैलाने की बजाय, अंबानी परिवार पर अनाप-शनाप टिप्पणी करने की बजाय आईने में झांकना चाहिए और आत्मचिंतन करना चाहिए कि तुम्हारा व्यावहारिक स्तर, सोचने का तरीका, किस तरह के लोगों तक पहुंच है, उन दोस्तों की जीवनशैली कैसी है, इनकी कार्यशैली से इनका भविष्य क्या होगा या सिर्फ 144 करोड़ की जनसंख्या में एक नंबर बढ़ाकर मर जाना है....।

## नॉलेज कॉर्नर: देश की महिला शक्ति के बड़ी प्रेरणास्रोत बनकर उभरी

# देश की पहली महिला डॉक्टर आनंदी जोशी

भारत में डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, जो बीमार व्यक्तियों को इलाज कर उन्हें स्वस्थ करने में मदद करते हैं। यही वजह है कि तमाम पेशों के बीच के इस पेशे को बहुत ही सम्मानपूर्वक देखा जाता है। वर्तमान में कई बच्चे अपने घरों से दूर रहकर NEET की तैयारी कर देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का सपना देखते हैं। हालांकि, इनमें से केवल कुछ ही छात्रों को सफलता मिल पाती है, जो कि आगे चलकर अपना जीवन मरीजों की सेवा में लगाते हैं। क्या आपको मालूम है कि भारत में पहली महिला डॉक्टर बनने का गौरव किस महिला को है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस दिलचस्प जानकारी के बारे में...

### यह थी भारत की पहली महिला डॉक्टर

भारत की पहली महिला डॉक्टर आनंदीबाई जोशी थी। उनका जन्म 31 मार्च 1865 में हुआ था। वह पुणे में जन्मी भारत की पहली महिला डॉक्टर थी। उन्होंने उस समय में विदेश जाकर डॉक्टर बनने की डिग्री हासिल की थी, जब महिलाओं के लिए डॉक्टर बनना तो दूर, मूल शिक्षा प्राप्त करना भी मुश्किल था। आनंदीबाई जोशी जब नौ वर्ष की थी, तब उनका विवाह उनसे 20 वर्ष बड़े गोपालराव से किया गया था। वह 14 वर्ष की उम्र में ही मां बन गई थी। इस दौरान उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया,



लेकिन सिर्फ 10 दिन बाद ही उनके बच्चे की मौत हो गई। इससे आनंदी को बहुत दुख हुआ, उन्होंने निर्णय लिया की वह डॉक्टर बनेंगी और भारत में होने वाली ऐसी असमय मृत्यु को रोकेंगी।

### अमेरिका जाकर की मेडिकल की पढ़ाई

आनंदीबाई के पढ़ने के निर्णय में उनके पति गोपालराव ने उनका साथ दिया। हालांकि, इस दौरान समाज ने दंपति की काफी आलोचना की, लेकिन दंपति ने परवाह किए बगैर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। आनंदीबाई का स्वास्थ्य ठीक नहीं था, लेकिन फिर भी वह 1883 में कोलकाता के तट से पानी के जहाज में सवार होकर न्यूयॉर्क की यात्रा पर निकल गई। यहां पहुंच उन्होंने पेंसिल्वेनिया के महिला विश्वविद्यालय में अपना नामांकन दर्ज कराया। आनंदीबाई जोशी जब 1886 के अंत में भारत लौटी, तो अमेरिका के अनुकूल मौसम न होने व खाने में अंतर होने की वजह से उनकी तबियत अधिक बिगड़ गई थी। उन्हें अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल में महिला वार्ड की चिकित्सा प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया गया।

### मात्र 22 वर्ष की आयु में निधन

*आनंदीबाई को तपेदिक यानी टीबी की बीमारी हो गई थी, जिससे उनका स्वास्थ्य अधिक खराब रहने लगा था। वह जब 22 वर्ष की थी, तब उनकी मौत हो गई थी। कम उम्र में मौत की वजह से वह अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी, लेकिन भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में उनका नाम हमेशा-हमेशा के लिए दर्ज हो गया था।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हमारी सरकार महिला उत्थान, शिक्षा और राजस्थान को एक अग्रणी विकसित राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है। राव राजपूत समाज प्राचीन काल से अपना राष्ट्रधर्म निभाता आ रहा है तथा राष्ट्रधर्म से दूर होने वालों को भी राष्ट्रधर्म की याद दिलाता रहा है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
आप सभी के सहयोग से ही आज उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है। हम लोगों ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

BJP का 'मिशन झारखंड': केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडिया अलायंस की ओर से फैलाया जा रहा है भ्रम

# कांग्रेस और जेएमएम बन गई झूठ बोलने वाली मशीन: शिवराज

एजेंसी | रांची

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर इंडिया अलायंस की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है।

उनकी ओर से दावा किया जा रहा है कि राज्य में इंडिया अलायंस को बड़ी सफलता मिली, जबकि सच्चाई यह है कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में 9 सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की, वहीं विधानसभा क्षेत्रों की बात की जाए तो राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 52 पर बीजेपी-आजसू पार्टी को बढ़त मिली।



इससे पहले शिवराज सिंह चौहान के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वो झारखंड आते रहेंगे। पार्टी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। भाजपा संगठन प्रभारी, विधानसभा चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी 17 जुलाई तक झारखंड के दौरे पर रहेंगे।

सभी विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता सम्मान और विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे।

### रोजगार देने का वादा पूरा नहीं कर सके सोरेन

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल पहले हेमंत सोरेन की ओर से राज्य के पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन इन वादों का क्या हुआ, जबकि बीजेपी की सरकार में किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपए की सहायता दी थी, लेकिन हेमंत सरकार ने सत्ता में आते ही उस योजना को बंद कर दिया। पिछली सरकार में 50 लाख की जमीन का निबंधन एक रुपए में हो जाता था, लेकिन उस योजना को भी बंद कर दिया गया।

### विधानसभा वार सम्मेलन

भाजपा प्रदेश कमेटी 16 जुलाई से विधानसभा वार कार्यकर्ता अभिनंदन और विजय संकल्प सभा का आयोजन कर रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से राज्य में होने वाले आगामी चुनाव पर चर्चा की जा रही है। पार्टी की ओर से झारखंड में विधानसभा चुनाव अक्टूबर में कराने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर द्वितीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम जारी है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम अगस्त तक पूरा हो जाएगा। पिछले दिनों झारखंड दौरे के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश व्यास ने सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ रामगढ़ के पतरातू में बैठक की थी।

### हिमंता कल आएंगे झारखंड

विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बीजेपी की ओर से कई सांगठनिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत 16 जुलाई को असम के सीएम और बीजेपी के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा रांची आएंगे। वो 16 जुलाई को तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद 17 जुलाई को संगठन प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दोनों झारखंड दौरे पर रहेंगे। लक्ष्मीकांत दीक्षित जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि शिवराज सिंह चौहान रांची और हटिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चुनावी रैली के दौरान हुए जानलेवा हमले की रविवार को कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जताई। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं। ट्रंप शनिवार करीब सवा छह बजे पेंसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए थे।

### CM सोरेन ने पत्नी के साथ किए मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन

**मीरजापुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रविवार को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन किए। दर्शन-पूजन के बाद सोरेन ने कहा कि जगत का पालन करने वाली माता बड़ी दयालु हैं। मां का आशीर्वाद लेने यहां आया हूं। यह वह परम पावन धाम है जहां से कोई हाथ खाली नहीं जाता। मुख्यमंत्री सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पुराने वीआईपी मार्ग से मंदिर के गर्भगृह में पहुंच वेदपाठ व पौराणिक मंत्रों के साथ मां विंध्यवासिनी का पूजन-अर्चन किया। दर्शन-पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में सोरेन ने कहा कि वे छह माह जेल में रहे। न्याय प्रक्रिया के तहत बाहर आया। मां के आशीर्वाद से ही बल मिलता है। हमारा जो संकल्प है उसे जारी रखेंगे। देश की जनता का निर्णय है। हम लोग जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित रहते हैं।

लखनऊ में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष

# कमल जहां खिलता है, वहां आता है सुशासन: जेपी नड्डा



एजेंसी | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लखनऊ में आयोजित प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में या राज्यों में जब कमल खिलता है तो सुशासन आता है।

जब दूसरे लोग सत्ता में आते हैं तो व्यापारी पलायन करते हैं, बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं होती हैं और घोटाले पर घोटाले होते हैं। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पार्टी सिर्फ आज की नहीं, बल्कि भविष्य की भी पार्टी है। हमारे कंधों पर जो जिम्मेदारी है वो मौसमी नहीं है, वो जिम्मेदारी सदा-सदा के लिए हमारे कंधों पर है। इसीलिए ये 2024 का चुनाव इस बात को परिलक्षित करता है कि भारत की जनता ने 2024 में लगातार तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में हमको समर्थन दिया है तो वो विकसित भारत के लिए दिया। ये भविष्य हमारे हाथों में है। इसे संभालकर चलना हमारी जिम्ममेदारी है। इस जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कहा कि इन चुनाव के नतीजों ने ये बता दिया कि अकेली भाजपा ही है जो पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण हर जगह है। हम 140 करोड़ देशवासियों के प्रतिनिधि हैं। वहीं दूसरी पार्टियां, जो नॉर्थ ईस्ट में सक्षम हैं वो मध्य भारत में शून्य हैं। अगर कोई उत्तर भारत में सक्षम है तो वो दक्षिण भारत में नहीं दिखता। अगर कोई पश्चिम भारत में सक्षम है तो पूर्व में उसका कोई नाम लेवा भी नहीं। यदि कोई मध्य में तो उसका उत्तर, पूर्व, पश्चिम कहीं भी कोई नाम लेने वाला नहीं है। ये लोग 1984 में हमारे दो सदस्यों की पार्टी होने पर मजाक उड़ाते थे। आज उसी पार्टी ने जहां एक बार अटल जी के नेतृत्व में देश पर राज किया तो वहीं मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार लगातार हमें जनता का आशीर्वाद मिला है। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

### देश की अधिकतर पार्टियां परिवारवादी

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि देश में छोटी बड़ी मिलाकर कुल 1500 पार्टियां हैं। किसी भी पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। अधिकतर पार्टियां परिवारवादी हैं। अकेली भाजपा है जो इस मूल मंत्र पर चल रही है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि तीनों चुनाव में जितने एमपी जीतकर आए वो भी हमारे 240 को पार नहीं करते हैं। तीन चुनाव के बाद आप 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। आप सारे मिलकर भी जितना नंबर लाए हैं वो अकेली भाजपा की जितनी सीटें आई हैं, उनके सामने भी कम पड़ता है। 13 राज्यों में कांग्रेस जीरो रही है। गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जहां 64 सीटों पर कांग्रेस से सीधी लड़ाई हुई, वहां सिर्फ 2 सीटें कांग्रेस को और 62 सीटें भाजपा के पाले में गई हैं। कांग्रेस जहां अकेले लड़ी है वहां उसका स्ट्राइक रेट 26 प्रतिशत है और जहां ये अन्य दलों के साथ चुनाव लड़ी है वहां इसका स्ट्राइक रेट 50 प्रतिशत है। यानी कांग्रेस आज परजीवी पार्टी हो गई है। ये अपने पैरों पर नहीं खड़ी है, ये दूसरों के वोट पर खड़ी है। आज ये पार्टी बैसाखी पर खड़ी है। इस चुनाव में इन्होंने संविधान पर खूब चर्चा की, लेकिन ये भी बताना हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान के



साथ खिलवाड़ किसने किया। इन्होंने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया है। वो राम मंदिर की बात करते हैं, लेकिन राम मंदिर हमारे लिए चुनाव का नहीं, बल्कि आस्था का मुद्दा है।

## 2027 में फिर से UP में फहरेगा BJP का परचम: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में फिर से उत्तर प्रदेश में भाजपा का परचम फहरेगा। आने वाले सभी 10 विधानसभाओं के उपचुनाव में भी भाजपा का परचम लहराएगा। इसके लिए हमें अभी से जुट जाना है। यही हमारा संकल्प आज से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर सुपर एक्टिव होना होगा और किसी भी प्रकार की अफवाहों का तत्काल खंडन



करना होगा। जिन लोगों को आज उछल कूद करने का अवसर मिला है, वो दोबारा उछल कूद नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने रविवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा और राज्यसभा सांसद के साथ ही विधायक, एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन और पार्षद सभी लोग आज से ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए विपक्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा था। 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल-कूद मचा रहा है।

सांसद के. सुरेश होंगे मुख्य सचेतक

# लोकसभा में गौरव गोगोई को बनाया गया कांग्रेस का उपनेता





एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए।

कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाया है जबकि सुरेश को मुख्य सचेतक और सांसद मणिक्कम टैगोर और डॉ. मोहम्मद जावेद को सचेतक बनाया गया है। वेणुगोपाल ने पार्टी के इन तीनों सांसदों को लोकसभा में मिली इस जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में, कांग्रेस और इंडिया समूह के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को ऊर्जावान ढंग से उठाएंगे।

## NRA की निष्क्रियता पर सरकार मौन क्यों: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को देश के करोड़ों युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे, वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है इस बारे में सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी कल मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि (एनआरए) राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की घोषणा करते हुए आपने क्या कहा था। अगस्त 2020 में आपने कहा था कि एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से, यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा



बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इसको लेकर मोदी से सवाल करते हुए कहा कि हमारे तीन सवाल है-

एनआरए ने पिछले चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराने के बावजूद चार वर्षों में अब तक केवल 58 करोड़ रुपए ही खर्चा किया गया है। एनआरए सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए संस्था बनी थी। क्या जानबूझकर इसको निष्क्रिय रखा गया ताकि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके।

अमेरिकी पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट भी पिछड़े

# पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को छोड़ा पीछे... एक्स पर 10 करोड़ फॉलोअर्स

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिशियल 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट, @narendramodi, ने 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में पीएम मोदी इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले विश्व नेताओं में से एक बन गए हैं।

14 जुलाई तक पीएम मोदी के अकाउंट पर 10 करोड़ फॉलोअर्स थे। इससे वह वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले अकाउंट में शामिल हो गए। राजनेताओं में पीएम मोदी ग्लोबली के एक्स पर सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं। पीएम मोदी ने फॉलोअर्स के मामले में अमेरिकी पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट को पीछे छोड़ दिया है। स्विफ्ट के एक्स पर 95.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं।




### लिस्ट में टॉप पर हैं एलन मस्क

सोशल मीडिया के माध्यम से पीएम मोदी की व्यापक लोकप्रियता और अपने समर्थकों के साथ उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए यह उपलब्धि कोई आश्चर्य की बात नहीं है। दुनिया के अन्य प्रमुख नेताओं की तुलना में पीएम मोदी के फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से कहीं अधिक है। बाइडेन के इस प्लेटफॉर्म पर लगभग 3.8 करोड़ फॉलोअर्स हैं। हालांकि, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के 13.1 करोड़ फॉलोअर्स हैं। इस सूची में सबसे ऊपर एलन मस्क हैं, जिनके 18.7 करोड़ फॉलोअर्स हैं।

### भारतीय राजनेताओं में टॉप पर मोदी

भारतीय राजनेताओं की बात करें तो पीएम मोदी पहले ही टॉप पर हैं। पीएम मोदी के करीब कोई भी राजनेता नजर नहीं आता है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक्स पर 2.6 करोड़, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 2.75 करोड़, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 1.99 करोड़ और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के 74 लाख फॉलोअर्स हैं। आरजेडी के लालू प्रसाद यादव के 63 लाख तेजस्वी यादव के 52 लाख मिलियन और एनसीपी प्रमुख शरद पवार के 29 लाख फॉलोअर्स हैं।

### लाखों नए फॉलोअर्स

दिलचस्प बात यह है कि पिछले तीन साल में पीएम मोदी के एक्स हैंडल पर लगभग 3 करोड़ फॉलोअर्स बढ़े हैं। उनका प्रभाव यूट्यूब और इंस्टाग्राम तक भी फैला हुआ है। यूट्यूब पर उनके लगभग 2.5 करोड़ सब्सक्राइबर्स और इंस्टाग्राम पर 9.1 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं।। 2009 में अकाउंट बनने के बाद से इस अकाउंट को लाखों नए फॉलोअर्स मिले हैं।

### दुनिया की हस्तियों को छोड़ा पीछे

मोदी दुनिया भर की हस्तियों को पीछे छोड़ अव्वल बने हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अलावा दुबई के शाह शेख मोहम्मद (11.2 मिलियन) और पोप फ्रांसिस (18.5 मिलियन) जैसे अन्य विश्व नेताओं को काफी पीछे छोड़ दिया है। मोदी के फॉलोअर्स की संख्या वर्ल्ड एथलीट विराट कोहली (64.1 मिलियन), ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर (63.6 मिलियन) और अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स (52.9 मिलियन) से भी अधिक है।

## सहारनपुर के सरसावा वायु स्टेशन में मनाई गई कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती

# वायुसेना ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' को याद किया... आसमान में गरजे सुखोई-राफेल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना ने 25 साल पहले हुए कारगिल युद्ध में अपनी भूमिका को रविवार को याद किया। इसने दुश्मन के खिलाफ लड़ाई में थलसेना के प्रयासों को मजबूत करने के लिए हजारों लड़ाकू मिशन और हेलिकॉप्टर उड़ानों को अंजाम दिया था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुसेना देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के सम्मान में 12-26 जुलाई तक वायुसेना स्टेशन सरसावा में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' मना रही है। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया। एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। एक तरफ वायु सेना के हेलिकॉप्टरों ने साथ उड़ान भरी तो दूसरी तरफ फाइटर जेट आसमान को चीरते हुए ऊपर निकल गए।






### 2000 से अधिक हेलिकॉप्टरों ने भरी उड़ान

भारतीय वायु सेना ने कुल मिलाकर लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही, ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायु सेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलिकॉप्टर उड़ानें भी भरीं। वायु सेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलिकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान बलिदान देने वाले चार वायु योद्धाओं का नाम हमेशा के लिए भारतीय वायु सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।





### 1999 में पाकिस्तान को चटाई थी धूल

भारत ने 1999 में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में लड़ी गई इस लड़ाई में पाकिस्तान को धूल चटा दी थी। वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी वायु योद्धाओं को श्रद्धांजलि के रूप में वायुसेना स्टेशन स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और उनसे बातचीत की। इस दौरान एक शानदार एयर शो का आयोजन किया गया, जिसमें आकाश गंगा टीम, जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों ने भाग लिया।

### स्कॉर्पियो-डंपर की टक्कर में 5 मरे

**पटना।** बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली नगर पंचायत के पेटभरी के पास एनएच-327ई पर रविवार को स्कॉर्पियो और डंपर की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि डंपर का चालक घायल हो गया। सभी मृतक अररिया जिले के जोकिहाट प्रखंड के थपकौल के निवासी थे। ये लोग अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे। स्कार्पियो में एक बच्ची समेत पांच लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई।

### ताजमहल के मुख्य गुम्बद पर उड़ा ड्रोन

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिला पुलिस-प्रशासन के तमाम ऐहतियाती उपायों के बावजूद ताजमहल के आस-पास रविवार की सुबह ड्रोन कैमरों को उड़ाए जाने की घटनाएं सामने आई। एक ड्रोन कैमरा रविवार सुबह ताजमहल की मुख्य गुम्बद के ऊपर तक पहुंच गया। पुलिस ड्रोन कैमरा उड़ाने वाले व्यक्ति के बारे में पता लगाने में जुटी हुई है।

## इंदौर में 11 लाख पौधे लगाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान बना जन आंदोलन: अमित शाह

**एजेंसी । इंदौर**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब पूरे देश में जन आंदोलन बन गया है। यह अभियान हमारी धरती मां के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी मां और धरती मां दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। मध्यप्रदेश का इंदौर पहले से स्वच्छता, स्वाद, सहयोग, सुशासन और सहभागिता के लिए जाना जाता हैं। आज से इंदौर एक पेड़ मां के नाम अभियान में वृहद पौधरोपण के लिए भी देश भर में जाना जाएगा।

गृह मंत्री शाह ने रविवार को इंदौर के रेवती रेंज परिसर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 लाख पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। अमित शाह ने कहा कि इंदौर में 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण करना सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। पौधरोपण करने वाले सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि वे लगाए गए पौधों का अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक मां की तरह आपकी चिंता करेगा। उन्होंने कहा कि 51 लाख पौधे लगाना और एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाना अपने आप में अभूतपूर्व हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठे आयोजन के लिए इंदौरवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी।




### इंदौर ने 24 घंटे में सर्वाधिक पौधरोपण का बनाया विश्व रिकॉर्ड



पिछले सात साल से लगातार देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इंदौर वासियों ने एक ही दिन में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने मध्यप्रदेश शासन को 24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक पौधरोपण का प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इंदौर के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड का यह प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार शाम रेवती रेंज में ग्रहण किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी सहित विधायक और जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कुकी उग्रवादियों ने किया हमला

# मणिपुर में फिर हिंसा CRPF जवान की मौत



**एजेंसी । इंफाल**

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को जिरीबाम जिले में फिर से तनाव बढ़ने के बाद हिंसा भड़क गई है। कुकी उग्रवादियों के हमले का शिकार होकर सीआरपीएफ के जवान अजय कुमार की मौत हो गई, जबकि इस हमले में कई अन्य घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैतेई संगठनों का आरोप है कि यह घटना जातीय तनाव के कारण हुई है। कुकी उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के लोगों पर गोलियों और बमों से अंधाधुंध हमले किए हैं। जीरीबाम के मैतेई संगठन जिरी अपुनबा लूप (जेएएल) समेत कई मैतेई संगठनों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों की निष्क्रियता के कारण मैतेई ग्रामीणों को निशाना बनाया गया है।

हमले के दौरान घरों को जला दिया गया और व्यापक पैमाने पर दहशत फैलाई गई है। सुरक्षा बलों पर भी हिंसा को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर कुकी समूहों ने आरोप लगाया है कि मैतेई पुलिस कमांडो ने कुकी विलेज वालंटियरों (केवीवी) पर हमला करके हिंसा शुरू की गयी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।

## रांची में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक संपन्न

# संघ ने किया युवाओं का गांवों में बदलाव का वाहक बनने का आह्वान

**एजेंसी । रांची**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे गांवों में बदलाव के वाहक बनें। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के अंतिम दिन रविवार को आंबेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने बताया कि बैठक में संघ के विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा और समीक्षा की गई। आंबेकर ने इस दौरान धर्मांतरण से लेकर लोकसभा चुनाव के परिणामों का जिक्र किया और संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर कहा कि जनता ने अपना फैसला दिया है। जनता का जो फैसला है, उसी के अनुरूप पार्टियां सरकार चला रहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार एवं प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे।




### धर्मांतरण के खिलाफ बनाया जाए सख्त कानून

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आंबेकर ने धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में धर्मांतरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद है, वहां उसका क्रियान्वयन हो और दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि संघ के दृष्टिकोण से पूरे देशभर में 46 प्रांत हैं। देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है और जुड़ भी रहे हैं। संघ ने वर्ष 2012 में ज्वाइन आरएसएस के तहत एक ऑनलाइन माध्यम प्रारंभ किया था। इसके अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से प्रतिवर्ष एक से सवा लाख लोग संघ के साथ विविध गतिविधियों में जुड़ रहे हैं। इस वर्ष भी जून के अंत तक 66,529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना व पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है।

### 72 प्रशिक्षण वर्गों में 20 हजार से ज्यादा शिक्षार्थियों ने लिया भाग

देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग लगाए गए। इसमें संघ शिक्षा वर्ग 60, कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम 11 और कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय 01 आयोजित हुए। इनमें कुल 20,615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख नए लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऐसे ही नई रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिए पहली बार प्रारंभिक वर्गों (तीन दिवसीय) का आयोजन देशभर में हो रहा है, जिसमें प्राथमिक से दोगुनी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपसी विचार विमर्श के लिए विविध संगठनों की समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में होगी।

### देश में 73,117 दैनिक शाखाएं

आंबेकर ने बताया कि विजयादशमी 2025 तक देश में संघ कार्य विस्तार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंडल तथा शहरी क्षेत्रों में सभी बस्तियों में दैनिक शाखा का लक्ष्य तय किया है। मार्च 2024 तक देश में 58,981 मंडलों में से 36,823 मंडल में प्रत्यक्ष दैनिक शाखा है। ऐसे ही शहरी क्षेत्रों में 23,649 बस्तियों में से 14,645 बस्तियों में संघ कार्य है। अभी देश में 73,117 दैनिक शाखाएं और 27,717 साप्ताहिक मिलन चलते हैं। संघ ऐसे 1,58,532 गांवों में जागरण पत्रिकाओं के माध्यम से सकारात्मक संदेश, आध्यात्मिक विचार, संतों का संदेश लोगों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वर्ष पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रि-शताब्दी का वर्ष है। अहिल्यादेवी ने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एक आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन संदेश, जीवन आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवक समाज के साथ मिलकर वर्षभर कार्य करेंगे। इसका शुभारंभ को इंदौर से हो चुका है।

## जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में 5 दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न आयोजन

# दुखों की निवृत्ति के लिए भगवान के चरणों में चढ़ाया निर्वाण लाडू

**बेधड़क.जयपुर।** जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में 5 दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मुनि समत्व सागर ससंघ के सानिध्य में भगवान के चरणों में दुखों की निवृत्ति के लिए अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मूलनायक नेमिनाथ, जिन्हें नेमि और अरिष्टनेमि के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान युग अवसर्पिणी काल में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर हैं। इनका चिह्न शंख है तथा निर्वाण गुजरात में गिरनार पर्वत पर हुआ था। मन्दिर में नेमिनाथ के प्रथम अभिषेक सरदार मल रमेश काला परिवार ने तथा रिद्धि मंत्र युक्त शांतिधारा मूल नायक की शिखर चंद किरण जैन परिवार की ओर से और वेदी पर जिनेंद्र कुमार चंद्र कला परिवार द्वारा की गई। अष्टाह्निका व नेमिनाथ पूजन के बाद मुनिश्री द्वारा निर्वाण कांड का वाचन किया गया। फिर भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए भक्ति व जयकारों के साथ निर्वाण लाडू मय श्रीफल व दीपक के मंदिर के संस्थापकों में से एक परिवार सनत कुमार दिलीप चांदवाड़ की ओर से चढ़ाया गया।



### मुनि संघ की पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट

इस मौके पर एक धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन का सोभाग्य बापू नगर संभाग व मुनि सेवा समिति के मनीष बैद, नवीन सांघी, सुरेंद्र मोदी, मनोज झंझरीं, रमेश बोहरा आदि द्वारा किया गया। इधर मुनि संघ की पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य पदम पारस आदित बिलाला परिवार को प्राप्त हुआ। मंगलाचरण डॉ. इंद्र कुमार जैन ने किया। मुनि ने संसार भावना के तहत मोह व ममत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही वैद्य सुशील कुमार की जिनशासन के निग्रन्थ साधुओं के लिए दी गई निस्वार्थ सेवाओं को याद किया। सभा में 9 बार नमोकार मंत्र का जाप कर श्रद्धांजलि दी गई।

### जैन मंदिरों में गूंजे भगवान नेमिनाथ के जयकारे

जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर विशेष आयोजन किए गए तथा निर्वाणोत्सव मनाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। झोटवाड़ा के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ, बरकत नगर के श्रीचन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि अर्चित सागर महाराज, अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में मुनि महिमा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापू गांव में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मालवीय नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 3, टोंक रोड पर न्यू लाइट कालोनी के श्रीजैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आदि में आयोजन हुए।





### विजय लाल पांड्या की नसियां में शांतिधारा

विजय लाल पांड्या की नसियां में नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। शिखर चंद कासलीवाल साईवाड़ परिवार, सुधीर बिलाला, आशीष काला, नरेन्द्र छाबड़ा, जिनेंद्र जैन, पदम जैन, क्रिश कासलीवाल एवं जैन बैंकर्स फोरम से भागचंद जैन मित्रपुरा, कमलचंद जैन सेवा वाले आदि ने अभिषेक एवं शांतिधारा कर पुण्यार्जन किया और निर्वाण लाडू अर्पण किया। इस अवसर पर अनूप देवी जैन, कुसुम देवी जैन, पुष्पा बिलाला, अनिता जैन, नीरू काला आदि ने पूजन किया।

## पर्यावरण बचाने को लगाए पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** गांधी पथ पर कॉलोनी वासियों ने पौधरोपण किया। जय प्रकाश जाजोरा ने बताया कि पेड़ पौधे कम होने के कारण गर्मी का स्तर बढ़ता जा रहा है, इसलिए हमने पर्यावरण बचाओ मुहिम के तहत पौधरोपण किया है। शीला देवी ने बताया की पर्यावरण बचाओ मुहिम के तहत हमने कॉलोनी में आम, नीम और बेर सहित अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाए हैं। इसके अलावा पौधे को सुरक्षित रखने के लिए बेरिकेटिंग सेट भी लगाया है। इस मौके पर सभी कॉलोनी वासियों ने और अधिक पौधे लगाने, उनको समय पर पानी देने व उनकी समय पर पूरी देखरेख करने का भी प्रण लिया। इस दौरान हनुमान सहाय चोपड़ा, रतन चोपड़ा, जय प्रकाश जाजोरा, कैलाशी देवी, भुली देवी, शीला देवी, अनुष्का, शनाया, अलीना, रितिका, कार्तिक, नमन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अमेरिकी ग्रुप करेगा कॉनक्लेव

**बेधड़क. जयपुर।** अमेरिका का ग्रुप जयपुर की लोक संस्कृति को समझने के लिए इंटरनेशनल कॉनक्लेव में हिस्सा लेगा। 15 से 20 जुलाई तक जयपुर होने वाले आयोजन के साथ ही समूह 15 जुलाई को जवाहर कला केन्द्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम होंगे। अमेरिका के साथ दुबई के युवा भी इस शिविर में शामिल होंगे, जो राजस्थानी लोक कला, संस्कृति और संगीत ट्रेनिंग जयपुर में लेंगे।

## संयोजनम् पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में 15 से 17 नवंबर तक नेशनल आयुर्वेदा यूथ कॉन्क्लेव-संयोजनम् 2024 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर एवं विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। संयोजनम् 2024 कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रो. संजीव शर्मा, कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, अध्यक्ष विश्व आयुर्वेद परिषद एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला, डीन रिसर्च एवं कार्यक्रम सचिव प्रो. सीआर यादव, प्रो. अनुपम श्रीवास्तव, प्रो. एचएमएल मीणा, प्रोफेसर निशा ओझा, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. विपिन तंवर, डॉ. शिप्रा राजोरिया उपस्थित रहे। संयोजनम् 2024 कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उद्बोधनम, कर्माभ्यास, नूतनम, गतिविधि, पोषणम्, अभिमंचनम, क्रीडनम इत्यादि कार्यक्रम रहेंगे।

# City इवेंट्स

## कथक रास वर्षा में कृष्ण वंदना




**बेधड़क. जयपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण नृत्याश्रम की ओर से कथक रास वर्षा का आयोजन जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में पं. गिरधारी महाराज कथक सेंटर की संचालिका जयपुर घराने की नृत्य गुरु नमिता जैन के शिष्य शिष्याओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में 100 कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों में कृष्ण वंदना, शिवस्त्रोतम, गणेश वंदना, शास्त्रीय गायन व तबला वादन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नृत्य गुरु नमिता जैन द्वारा विरह व्यथित नायिका के भाव पर आधारित सावन की सांझ की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नव पल्लव, नव बहार, नृत्य मल्हार में बाल कलाकारों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। कथक नृत्य गुरु पं. गिरधारी महाराज ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में पं. रमेश मेवाल गायन, आदित्य सिंह तबला, युवराज सिंह पखावज, गौरव भट्ट सितार पर अद्भुत संगत की।

## वैद्य सुशील कुमार जैन को किया याद



**बेधड़क. जयपुर।** आयुर्वेद भिषगाचार्य प्राण चिकित्सा में अग्रणी 96 वर्षीय वैद्य सुशील कुमार जैन स्मृति-शेष हो गए। ऐसे में समाज बंधुओं ने उन्हें श्रृद्धांलि दी। भारतीय चिकित्सा विद्या आयुर्वेद व प्राण उपचार को पुनर्जीवित कर पल्लवित व संवर्धित करने में उनका योगदान रहा। समाजोत्थान हेतु उनके मन में बचपन से ही रचनात्मक कार्य करने की अदम्य लालसा रही।

## 'झूठन' में दिखेगी भोजन की उपयोगिता



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीराधा गोविंद फिल्मस के बैनर तले सीएनजी पिक्चर्स के सहयोग से बन रही शॉर्ट फिल्म झूठन की शूटिंग पूरी की गई। फिल्म की निर्माता माया देवी उपाध्याय व अमित अग्रवाल हैं। लेखक-निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया मानव समाज के लिए भोजन की उपयोगिता और भोजन की बर्बादी को रोकने का संदेश देने के उद्देश्य से बनाई फिल्म झूठन में मुख्य भूमिका परिणीता शर्मा, बबीता शर्मा, मास्टर अर्विक बैराठी, कृष्णा महावर और ओम प्रकाश रछोया ने निभाई है। छायांकन पंछी गौतम और फिल्म का सम्पादन श्याम सुंदर लाभ का है। लाइन प्रोड्यूसर नरेंद्र उपाध्याय हैं।

## सुरीले सुरों से सजी शास्त्रीय संगीत की बैठक

# गिटार-सारंगी पर अक्षत साबिर ने रचा रागों का श्रृंगारिक संसार




**बेधड़क | जयपुर**

गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की ओर से रविवार शाम यहां कलवाड़ रोड स्थित कृष्ण कुंज विलास प्रांगण कलाकारों के स्लाइड गिटार व सारंगी जैसे साजों पर सजाए विभिन्न रागों के सुरीले सुरों से खिल उठा। कलाकार अक्षत शर्मा व साबिर खान की सधी हुई अंगुलियों की बर्क रफ्तारी ने सुधी श्रोताओं को आह्लादित कर दिया। फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के चौथे संस्करण की भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या में स्लाइड गिटार साज पर कलाकार अक्षत शर्मा ने तीन ताल में निबद्ध राग बिहाग के सुर साधे। उन्होंने आलाप, जोड़ और झाला में इस राग का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया। विलंबित, मध्य और द्रुत लय में तीनों गतों का बेहतरीन संयोजन दर्शाकर संगीत के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे। अक्षत ने अपनी प्रस्तुति में तंत्रकारी व गायिकी अंग को खूबसूरती से पिरोकर दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। कार्यक्रम में साबिर खान ने सारंगी पर राग मधुवंती के सुरों की खूबसूरत आईनबंदी की। उन्होंने राग मिश्र पीलू व राग भैरवी में ठुमरी की दिलकश प्रस्तुति से प्रशंसा बंटोरी। दोनों कलाकारों के साथ शहर के उम्दा तबला वादक दिनेश खींची ने दमदार संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। अंत में फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## अब दो घंटे और 40 मिनट की रह गई मूवी

# हिंदुस्तानी से बोर हुई जनता तो मेकर्स ने घटाई फिल्म की लंबाई



**बेधड़क | जयपुर**

साउथ सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर दर्शकों में पहले दिन खास उत्साह नजर नहीं आया। हर जगह से इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। करोड़ों की रकम खर्च करके बनाई गई 'इंडियन 2' दर्शकों को ऊबाऊ लग रही है। ऐसे में निर्माताओं ने 'इंडियन 2' को 20 मिनट छोटा कर दिया है। फिल्म के निर्देशक एस शंकर को उनके पुराने काम के लिए काफी ट्रोल किया जा रहा है। फिल्म की सबसे बड़ी समस्या इसका उबाऊ सेकंड हाफ और रनटाइम है। निर्माताओं ने इसे ध्यान में रखते हुए रनटाइम छोटा कर दिया है। फिल्म की रिलीज के बाद मेकर्स ने इसके 20 मिनट और कम कर दिए हैं। फिल्म को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। अब फिल्म की ट्रिमिंग इस वीकेंड के लिए इसे कुछ हद तक बचा सकती है। 'इंडियन 2' अंतिम रनटाइम अब दो घंटे और 40 मिनट हो गया है। शंकर और कमल हासन ने 'इंडियन 3' की शूटिंग भी पूरी कर ली है और उम्मीद है कि यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। लाइका प्रोडक्शंस को 'इंडियन 2' के जरिए काफी घाटा होने की आशंका है। अब शंकर को रामचरण के साथ वाली 'गेम चेंजर' से उम्मीद है। मूवी हिट होती है तो वे 'इंडियन 3' के लिए अच्छा कर सकते हैं। नहीं तो इस फिल्म के साथ-साथ शंकर का करियर भी मुश्किलों में पड़ सकता है।

**कला संसार** | 76 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की कला प्रदर्शनी का समापन

# अबकी बार गजानन के विभिन्न रूपों से सजेगी गैलरी

**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र में 76 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की ओर से आयोजित कला प्रदर्शनी का समापन किया गया और इस मौके पर भाटिया ने अतिथियों व प्रदर्शनी देखने आए विजिटर्स का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आप सभी की सराहना से मुझे अपनी कला का प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। सुरेख दीर्घा में लगाई गई प्रदर्शनी में 150 से अधिक पेंसिल स्केच प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा उन्होंने अब तक 200 से स्केच तैयार किए हैं। सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सिक्किम हाई कोर्ट एनके जैन, विनोद गुप्ता (एमडी श्रीकृष्णा रोलिंग मिल्स), मुकेश अग्रवाल (एमडी एवरशाइन मार्बल किशनगढ़) ने प्रदर्शनी का जायजा लिया।



### रामलला के स्केच तैयार करने की मांग

प्रदर्शनी में आए विजिटर्स ने भाटिया की ओर से बनाया गया अयोध्या के रामलला के स्केच को इतना पसंद किया कि सभी ने उनके लिए एक स्केच तैयार करने की मांग की। यहां राजनेताओं की श्रृंखला में जब लगभग सभी मशहूर नेताओं का स्केच दिखाई पड़ा तो लोगों ने सवाल किया कि पीएम मोदी का स्केच क्यों नहीं बनाया? इस पर भाटिया ने बताया कि उन्होंने इस कड़ी में सर्वप्रथम पीएम मोदी का स्केच तैयार किया था जिसे उनके परिवार के सदस्यों ने इतना पसंद किया कि फ्रेम कराकर ऑफिस में संजो लिया।

### अगले वर्ष प्रदर्शनी लगाने की योजना

भाटिया ने अगले वर्ष प्रदर्शनी लगाने की योजना अभी से तैयार कर ली है। वे बताते हैं कि अगले वर्ष विभिन्न थीम जैसे मानवीय चेहरे के विभिन्न भाव, बर्तन और उपकरण और भगवान गणेश के विभिन्न चित्रों के साथ प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।



ज्ञान का इस्तेमाल न करना अज्ञानता से बुरा है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइल का भीषण हमला, निशाने पर था हमास का सैन्य कमांडर

# कम से कम 90 लोगों की मौत, 300 से अधिक घायल

**एजेंसी** | खान यूनिस

इजराइल और हमास के बीच जंग जारी है, जिसमें इजराइल लगातार भीषण हमले कर रहा है। अब शनिवार को इजराइल की तरफ से कहा गया है कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया है। जबकि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि 'यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है' कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है।

यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हज़ारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। हालांकि, स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं और 300 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इसके साथ ही हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसका सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ उस क्षेत्र में था, जहां इजराइली हमला हुआ। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हजारों फिलिस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि 'यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है' कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है।



#### दीफ है इजराइल पर हमले का मास्टरमाइंड

मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

#### एक दिन पूर्व मारे गए थे 70 से अधिक फिलिस्तीनी

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही 70 से अधिक फिलिस्तीनी गाजा में मारे गए थे। इस घटना को लेकर हमास के एक अधिकारी ने इजराइल पर योजनाबद्ध तरीके से लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया था। हमास सरकार मीडिया कार्यालय के महानिदेशक इस्माइल अल-थवाब्ता ने दावा किया था कि इजराइली सेना ने पूर्वी गाजा शहर में हजारों फिलिस्तीनियों को पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों में जाने के लिए निर्देशित किया और उनके पहुंचने पर उन पर गोलियां चला दीं। थवाब्ता ने कहा था कि बचाव दल ने ताल अल-हवा क्षेत्र से 70 शव बरामद किए हैं और कम से कम 50 लोग लापता हैं। कुछ विस्थापित लोग सफेद झंडे लेकर इजराइली सेना की ओर इशारा कर रहे थे और कह रहे थे, हम लड़ाके नहीं हैं, विस्थापित हैं। इजराइली सेना ने इन विस्थापित लोगों को बेरहमी से मार डाला।

#### इजराइली सेना ने क्या कहा

बता दें कि इजराइली सेना ने सभी फलस्तीनियों को 'गाजा सिटी' को खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले भी शुरू किए हैं जिनमें लगातार लोगों की जान जा रही है। इजराइली सेना ने शहर में पर्चे भी गिराए थे, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया था और कहा गया, 'गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा।'



#### कौन है मोहम्मद दीफ!

मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है।

### चीनी सेना अंदर से हो चुकी है खोखली, जिनपिंग परेशान

# सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्रियों को हटाया

**एजेंसी** | बीजिंग

चीनी सेना के भ्रष्टाचार से परेशान होकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त अभियान चला रहे हैं। 15 नवबंर 2012 को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और चीनी सेना के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद शी ने बड़े पैमाने पर सेना में भ्रष्टाचारियों की सफाई की है। इन लगभग 12 सालों के समय में शी ने भ्रष्टाचार, अक्षमता, राजनीतिक कंपटीशन और सुधारों का विरोध करने वाले तमाम सैन्य अधिकारियों और दो रक्षा मंत्रियों को निकाल दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार 2014 से लेकर अभी तक चीनी सेना की तरफ से करीब 52 शीर्ष अधिकारियों की सेवा को समाप्त कर दिया गया है। सेना में बड़े पैमाने पर छटनी अभी भी जारी है। 19 जून को एक चीनी क्षेत्र यानान में राजनैतिक-सैन्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए, जिनपिंग ने कहा कि चीनी सेना में राजनीतिक विचारधारा, काम करने का तरीका और अनुशासन की गहरी समस्याएं हैं। सरकारी टीवी ने शी के हवाले से कहा कि "सेना में भ्रष्ट तत्वों के लिए छिपने की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।"



#### 65 आर्मी अधिकारी, कमिश्नर, कमांडरों व निदेशक हटाए

रिपोर्ट के अनुसार 2012 के बाद कम से कम 65 शीर्ष पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अधिकारियों, कमिश्नरों और कमांडरों निदेशकों को हटा दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य जनरलों की भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण जांच चल रही है, लेकिन अभी तक उन्हें दंडित नहीं किया गया है। छटनी का मुख्य कारण पीएलए में बड़े पैमान पर होने वाला भ्रष्टाचार भी है, अपने पहले कार्यकाल के शुरुआती दिनों में शी ने जब सीएमसी का कार्यभार संभाला था। तभी शी ने साफ कर दिया था कि पीएलए को पार्टी के प्रति पूरी तरह से वफादार, साफ और विश्वसनीय होना चाहिए।

#### भ्रष्टाचार के अलावा राजनीति भी है एक कारण

चीन पर नजर रखने वालों के अनुसार पीएलए की तीनों कमानों में इतने बड़े पैमाने पर छंटनी का एक संभावित कारण यह भी हो सकता है कि जिनपिंग अपने से पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों हू जिंताओ और वेन जियाबाओ के करीबियों को पीएलए में उच्च अधिकारियों की पोस्ट पर नहीं रखना चाहते हों क्योंकि उनका यहां पर रहने का मतलब होता कि वह शी के लिए परेशानी खड़ी कर सकते थे। अन्य संभावित कारण यह हो सकता है कि शी पीएलए में नई टेक्नोलॉजी लाने और मशीनीकरण को बढ़ाने के पक्ष में हैं, जबकि इसके बीच में शीर्ष कमांडरों इसका विरोध कर रहे थे, जिसके कारण शी द्वारा उनको हटा दिया गया।

### अमेरिका में गोलीकांड की घटना

# 61 साल पहले जब हवाई जहाज में लेनी पड़ी थी राष्ट्रपति पद की शपथ

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की रविवार सुबह एक रैली के दौरान गोली मारकर हत्या की कोशिश की गई।

अमेरिका में राष्ट्रपति का इतिहास बेहद रक्त-रंजित रहा है। इसमें 1865 में 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन और 1963 में 35वें अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी तक शामिल हैं। इसके अलावा 20 वें अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड की 1881 में हत्या की गई थी।

राष्ट्रपति बनने के छह महीने बाद वाशिंगटन के एक रेलवे स्टेशन पर चार्ल्स गुइटो ने गारफील्ड को गोली मार दी थी, जब वह न्यू इंग्लैंड जा रहे थे।



#### तब कैनेडी को स्नाइपर ने मारी थी गोली

61 साल पहले हुई उस गोलीकांड की, जिसके बाद आपातकालीन स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हवाई जहाज में शपथ लेनी पड़ी थी। यह घटना 22 नवंबर 1963 की है, जब 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की डलास की यात्रा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कैनेडी को एक स्नाइपर ने गोली मारी, जिसके तुरंत बाद कैनेडी को पार्कलैंड मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने के कुछ समय बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

#### कौन थे लिंडन बी जॉनसन

लिंडन बी जॉनसन टेक्सास के रहने वाले और एक साधारण किसान परिवार में जन्मे थे। वे 1932 में राजनीति में एंट्री लेने के बाद 1937 से 1948 तक वह कांग्रेस सदस्य बने रहे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अमेरिकन नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर का पद भी संभाला। अपनी योग्यता से डिमाक्रेटिक दल के नेता चुने गए और 1960 में कैनेडी के साथ उपराष्ट्रपति चुनाव जीता। 1961 में उन्होंने जर्मनी, भारत एवं दक्षिण पूर्वी एशिया का दौरा किया। कैनेडी की मौत के बाद 22 नवंबर, 1963 को उन्हें राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त किया गया।

### इद्दत मामले में बरी हुए इमरान खान और बुशरा बीबी

# पांच घंटे के अंदर फिर हुई गिरफ्तारी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीवी को कोर्ट ने अवैध शादी के मामले में बरी कर दिया गया है। बता दें कि इस मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को 7 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि इस राहत के बाद भी इमरान खान को जेल में ही रहना होगा। कोर्ट के फैसला सुनाने के पांच घंटे बाद ही इमरान खान और उनकी पत्नी को तोशखाना मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, उनको दंगा भड़काने के केस में भी सजा सुनाई गई है। फिलहाल इमरान खान जेल में ही हैं। इस्लामाबाद के सत्र न्यायालय ने खान और बुशरा बीवी के खिलाफ इद्दत मामले में सभी आरोप खारिज करते हुए उन्हें बरी कर दिया। फरवरी में चुनाव से पहले ही उन्हें इस मामले में सात साल की सजा सुनाई गई थी। 71 साल के इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी दोनों ही को जेल हो गई थी। उनके खिलाफ याचिका में कहा गया था कि उन्होंने पहली पत्नी से तलाक और दूसरी शादी करने में उतने दिनों का गैप नहीं रखा जितना इस्लामिक कानून में जरूरी होता है। बता दें कि इमरान खान पर चुनाव से पहले ही तीन केस चला दिए गए थे और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इमरान खान अदियाला जेल में हैं। हालांकि कई मामलों में वे बरी हो चुके हैं। इसके बावजूद खान का जेल से आना मुश्किल है। उनके खिलाफ 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जैसे ही एक मामले में बरी होते हैं अन्य किसी मामले में गिरफ्तार कर लिया जाता है।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl